Key Insight : While progressive schools showcase NEP's potential, systemic teacher training and resource allocation are critical for wider adoption.

2. Does NEP 2020 effectively address the digital divide in urban education?

NEP's digital push faces urban inequities :

- EdTech Growth: Platforms like DIKSHA (2.5M+ users) and BYJU'S benefit affluent students.
- Access Barriers: 32% of urban slum children lack devices (UNICEF 2022); only 58% of Mumbai's BMC schools have smart classrooms.
- Partial Solutions: States like Punjab's "e-Library" initiative show scalability, but internet affordability (e.g., Jio's ?299/month plan) excludes low-income families (Ganguly, 2024).

Key Insight : NEP's digital goals require subsidized devices and mandatory internet access schemes to bridge divides.

3. What are the biggest administrative and financial hurdles in policy execution?

Top Challenges :

- **Funding Shortfalls :** Education spending remains at 3.1% GDP (vs. NEP's 6% target), delaying smart-classroom rollout.
- **Bureaucratic Delays :** Overlapping mandates between central/state boards (e.g., Maharashtra's NEP pilot stalled for 18 months).
- **Stakeholder Resistance :** 70% of urban parents oppose mother-tongue instruction (Lok Foundation 2023), fearing reduced English proficiency.

Key Insight : Streamlined governance and awareness campaigns are needed to align stakeholders with NEP's vision.

4. How can public-private partnerships (PPPs) enhance NEP's success in cities?

PPP Success Stories :

- **Mumbai :** Tata Trusts funded 200 BMC smart classrooms, boosting STEM scores by 15%.
- **Bengaluru :** Infosys' "Code India" provides coding internships to 10,000 students annually.
- **Delhi :** "Skill Hub" initiative partners with local businesses for vocational training.

Recommendations :

- Mandate CSR investments in EdTech for budget schools.
- Scale industry-school collaborations (e.g., IT hubs offering apprenticeships).

Key Insight : PPPs can fast-track NEP's equity goals if structured with accountability.

10. Conclusion :

NEP 2020 also offers a paradox of progress and inequity in regard to implementation in urban India. While elite institutions showcase the policy's transformative potential through innovative pedagogies and industry partnerships, systemic challenges threaten to widen existing educational divides. Barriers to Teacher Training Digital Inequity Bureaucrat Hard to Get Volunteer Urges; Uniform Adoption of all School Systems Overcoming these barriers will require coordinated, equity-oriented action across sectors to implement the policy successfully. Urban areas, with better infrastructure and access to resources, should set the tone of how the flexibility of NEP can be used for equitable reform. If swift corrective action is not taken, the policy threatens to make urban education inequity worse, not better. Whether NEP 2020 is a harbinger of systemic change or becomes aspirational guff with varying implementation will be seen over the next few years.

References :

1. Aktar, S. (2021). New education policy 2020 of India: A theoretical analysis. *International Journal of Business and Management Research*, *9*(3), 302-306.
2. Ashokkumar, T., Raj, T. R., Rajadurai, A., Abishini, A. H., & Anchani, A. H. (2025). Analyzing

the impact of the new educational policy 2020: A comprehensive review of India's educational reforms. *Evaluation and Program Planning*, *108*, 102515.

3. Dziedzic, R., Pondicherry, P., & Dziedzic, M. (2025). Review of national policy instruments motivating circular construction. *Resources, Conservation and Recycling*, *215*, 108053.
4. Education Times (2020), NEP 2020: A comparison with the 1986 education policy, https://www.educationtimes.com/article/editors-pick/77527635/NEP-2020-A-comparison-with-the-1986-education-policy
5. Ganguly, P. (2024). National Education Policy 2020 (NEP 2020) in relation to early childhood care and education (ECCE). *Indian Journal of Multidisciplinary Research*, *1*(1), 52-60.
6. Government of India (2025), National Education Policy 2020, https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_English.pdf
7. Monica, J. A., Malar, J. H., Arun, C., Sharmila, L., & Arif, M. (2025). Leveraging technology and universal design for inclusive and engaging learning in Indian higher education. In *Educational Philosophy and Sociological Foundation of Education* (pp. 177-212). IGI Global.
8. Pal, R (2024) National Education Policy 2025: What's New, Structure, Curriculum, https://www.21kschool.com/in/blog/national-education-policy/#:~:text=The%20new%20policy%20emphasizes%20education%20for%20the%20twenty-first,system%20is%20being%20replaced%20by%20the%20new%20one.
9. Putri, D. (2025). The Impact of Social Inequality on Educational Quality in Indonesia: Challenges and Policy Recommendations. *Solo Universal Journal of Islamic Education and Multiculturalism*, *3*(01), 43-56.
10. Saifi, S., Tanveer, S., Arwab, M., Lal, D., & Mirza, N. (2025). Exploring the persistence of Open AI adoption among users in Indian higher education: A fusion of TCT and TTF model. *Education and Information Technologies*, 1-24.
11. Yadav, M. S., & Yadav, M. K. (2023). Implicit impact of english language pedagogical enhancement policies in higher education under the Indian NEP 2020: Challenges, curriculum, approaches, opportunities, and implementations. *American Journal of Education and Technology*, *1*(4), 1-12.

9680607107, ushachoudhary197@gmail.com

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
August 2025 Page No. : 54-61

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सब्जी उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन का अध्ययन

डॉ. निरंजन कुजूर

सहायक प्राध्यापक (अर्थ ाास्त्र),

भाासकीय कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.), 496116

भारत एक प्रमुख सब्जी उत्पादक दे ा है। दे ा में पर्वतीय क्षेत्र, मैदानी व समुद्र तटीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती की जाती है क्योंकि अन्य कृशि फसल की तुलना में प्रति इकाई क्षेत्र से सब्जी उत्पादन से अधिक लाभ के साथ–साथ भोजन, पोशण तथा आर्थिक रूप से लाभ प्रदान करती है। इसकी उत्पादन एवं उत्पादकता अन्य फसलों से अधिक है और फसल अवधि भी कम होती है इसके अलावा पोशक के बेहतर स्त्रोत और उच्च कीमत मिलने से किसानों के जीवन स्तर को समृद्ध करने में मदद करता है।

प्रस्तुत भोध पत्र का उद्दे य ज ापुर जिले में विगत एक द ाक (2010–2020) में सब्जी का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन का वार्शिक वृद्धि दर ज्ञात किया गया है। ज ापुर जिले में सब्जी उत्पादन हेतु नवीन तकनीक के फलस्वरूप सब्जी उत्पादन के फसल क्षेत्रफल और उत्पादन को प्रभावित करने वाले कारकों के साथ–साथ ज ापुर जिले की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन है।

जशपुर जिले में सब्जी उत्पादन को प्रभावित करने वाले तकनीकी कारक :–

1. **पॉली हाऊस/ग्रीन हाऊस तकनीकी** – ज ापुर जिले में आधुनिक कृशि प्रणाली से सब्जी उत्पादन हेतु पाली हाऊस/प्लास्टिक ग्रीन हाऊस पॉलिथीन भीट का उपयोग किया जाने लगा है। इस पॉली हाऊस का आकार 25 X 5 मीटर की होती है। इसका फ्रेम जंग रहित होले के पाइप से तैयार किया जाता है जिसे 600 गज की पॉलिथीन से ढक दिया जाता है। इसके अंदर अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए बिजली से चलने वाली कूलर और हीटर लगाकर तापमान नियंत्रक उपकण से जोड़ दिया जाता है जिससे पौधे का संतुलित विकास होता है और अच्छी उपज प्राप्त होती है।

2. **ड्रिप सिंचाई की सुविधा** – ज ापुर जिले में विगत एक द ाक से ड्रिप सिंचाई के चलन में तीव्र वृद्धि हुई है। इसके इनेक लाभ है जो अधिक उपज, उच्च गुणवत्तायुक्त उपज, अधिक स्वाद, 50–60 प्रति ात पानी की बचत, संतुलित जल एवं घुलन ील तत्वों की पूर्ति की जाती है जो उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलता है।

3. **उन्नत बीज के किस्म का उपयोग** – जिले में किसानों द्वारा उच्च उपज, रोग प्रतिरोधक क्षमता, बेहतर गुणवत्तायुक्त बीज के अनेक किस्म बाजार में उपलब्ध है, का उपयोग में तीव्र वृद्धि हुई है।

4. **जैविक खेती** – ज ापुर जिले के किसानों द्वारा सब्जियों के उत्पादन हेतु जैविक उर्वरकों के उपयोग का काफी प्रभाव पाया जाता है। जैव उर्वरक में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव वातावरण से नाइट्रोजन लेकर पौधों तक पहुंचाते हैं। ये सूक्ष्म जीव मृदा के अंदर स्वतंत्र रूप से सहजीवी जीवन व्यतीत करते हैं और पौधों को प्रत्यक्ष रूप से नाइट्रोजन प्रदान करते है। इन जैव उर्वरकों के प्रयोग से वानस्पतिक वृद्धि के साथ अधिक उपज प्राप्त होती है। इसके प्रयोग से फसल को नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटा ा, कैलि ायम, मैग्नि ायम, जिंक, कॉपर और मैगनीज जैसे आव यक तत्व पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता होती है।

5. **खरपतवार प्रबंधन** – ज ापुर जिले के किसानों द्वारा निंदाई, गुड़ाई, मल्चिंग और भााकनाि ायों का उपयोग किया जाता है। इससे किसानों को कीट और बीमारी प्रबंधन, फसल चक्र, भास्य प्रणाली और उत्पादन की गुणवत्ता सुधार आदि का लाभ मिलता है।

6. **जैव प्रौद्योगिकी** – कृशि उत्पदन हेतु जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान में काफी प्रगति हुई है। जिससे फसल की परम्परागत प्रजनन तकनीकी से जिन गुणों का समन्वय एवं नई किस्मों के विकास में असंभव होता था उसे अब नवीन तकनीक से सुगमता पूर्वक किया जाता है जैसे–सब्जियों में भ्रूण संवर्धन, जीव द्रव्यक तथा पराग संवर्धन और कृत्रिम संकरण तथा आनुवांि ाक अभियांत्रिक के प्रयोग से जैविक तथा अजैविक दवाओं के प्रति सहन ाील/अवरोधी दवाओं के प्रति सहन ाील अवरोधी किस्में आसानी से विकसित करने में सफलता मिली है।

जशपुर जिले में सब्जी का फसल क्षेत्रफल तथा उत्पादन

सारणी–1

जशपुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन का विवरण

वर्श	फूलगोभी		पत्तागोभी		बैगन		टमाटर		भिंडी	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2010	215	3225.00	263	3945.00	430	4300.00	4010	50125.00	311	2752.00
2011	230	3450.00	272	4080.00	450	4500.00	4041	50512.50	314	3624.40
2012	240	4017.60	274	4827.88	455	7534.80	4046	63238.98	316	3128.40
2013	245	4101.00	280	4934.00	455	7535.00	4150	63827.00	320	3168.00
2014	246	4117.00	278	4898.00	280	4636.00	4412	67856.00	315	3118.00
2015	247	4133.00	280	4933.00	280	4636.00	5143	78748.00	315	3118.00
2016	248	4150.00	280	4933.00	285	4718.00	5200	79620.00	320	3167.00
2017	260	4368.00	290	5118.00	290	4800.00	5300	80030.00	325	3241.00
2018	273	4641.00	305	5490.00	295	5015.00	5565	83475.00	326	3260.00
2019	280	4760.00	220	3960.00	296	5032.00	5675	93637.00	328	3280.00
2020	285	4875.00	230	4140.00	296	5012.00	5700	94050.00	330	3300.00

स्त्रोत : निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. (क्षेत्रफल हेक्ट./उत्पादन मिट्रिक टन में)

उपरोक्त सारणी में फूलगोभी, पत्तगोभी, बैगन, टमाटर और भिंडी उत्पादन का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन आँकड़ों के वि लेशण से स्पश्ट है कि ज ापुर जिले में अध्ययन अवधि के 10 वर्शों में विभिन्न सब्जी उत्पादन का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन का औसत वार्शिक वृद्धि दर निम्नानुसार पाया गया –

1. **फूलगोभी** – ज ापुर जिले में वर्श 2010 की तुलना में 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 7 प्रति ात और उत्पादन में भी 7 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल में 0.4 प्रति ात और उत्पादन में भी 0.4 प्रति ात वृद्धि रहा जबकि वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल में 1.1 प्रति ात और उत्पादन में 2.4 प्रति ात

वार्शिक वृद्धि हुआ। स्पश्ट है कि जिले में फूलगोभी का फसल क्षेत्रफल की तुलना में उत्पादन अधिक रहा जो नवीन कृशि तकनीक का परिणाम है। विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 32.5 प्रति ात वृद्धि हुई और उत्पादन में 51.2 प्रति ात वृद्धि रहा।

2. पत्तागोभी – जिले में प्रकार बंदगोभी का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन समान अनुपान में वृद्धि पायी गयी। वर्श 2010 की तुलना में 2011 में पत्तागोभी का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन की वार्शिक वृद्धि दर 3.3–3.4 प्रति ात, 2015 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन की वार्शिक वृद्धि दर 0.7–0.7 प्रति ात वृद्धि हुआ, इसी प्रकार वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल तथा उत्पादन में 4.5–4.5 प्रति ात पर स्थिर रहा। विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 12.5 प्रति ात गिरावट आयी जबकि उत्पादन में 4.9 प्रति ात वृद्धि हुई।

3. बैंगन – ज ापुर जिले में बैगन का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन की वार्शिक वृद्धि दर वर्श 2010 की तुलना में 2011 में 4.7–4.7 प्रति ात रहा। वर्श 2015 में 0.7–0.7 प्रति ात और वर्श 2020 में 4.5–4.5 प्रति ात वार्शिक वृद्धि दर रहा। वर्श 2020 में वार्शिक वृद्धि दर 0.3 प्रति ात पर स्थिर रहा जबकि उत्पादन में 0.4 प्रति ात रहा। किन्तु औसत रूप से फसल क्षेत्रफल में कमी आयी है और उत्पादन में वृद्धि हुई है जो उन्नत कृशि विकास का परिणाम है विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 31 प्रति ात गिरावट और उत्पादन में 16.5 प्रति ात वृद्धि हुई।

4. टमाटर – जिले में टमाटर उत्पादन हेतु वर्श 2010–11 में फसल क्षेत्रफल स्थिर रहा और उत्पादन में 0. 09 प्रति ात गिरावट आयी। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 1.6–1.6 प्रति ात वृद्धि हुई जबकि वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल में औसत वार्शिक वृद्धि दर 0.4 प्रति ात पर स्थिर रहा जबकि उत्पादन में 0.4 प्रति ात वृद्धि हुई। विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 42 प्रति ात और उत्पादन में 87.6 प्रति ात वृद्धि हुआ।

5. भिंडी – वर्श 2010 की तुलना में 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 0.9 प्रति ात और उत्पादन में 31.7 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में 1.6–1.6 प्रति ात पर स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 0.6–0.6 प्रति ात वार्शिक वृद्धि दर रहा लेकिन विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 6.1 प्रति ात और उत्पादन में 19.9 प्रति ात वृद्धि रहा।

सारणी–2

जशपुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन का विवरण

वर्श	आलू		बरबट्टी		हरा मटर		करेला		सेमी	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2010	2503	27933.00	240	1080.00	255	1147.00	115	1093.00	35	294.00
2011	2592	28771.20	247	1111.50	257	1156.50	119	1130.50	36	302.40
2012	2602	40200.90	248	3688.80	258	2404.72	121	1401.18	37	309.69
2013	2615	40402.00	250	3718.00	260	2423.00	125	1448.00	38	318.00
2014	2656	41035.00	250	3718.00	265	2469.00	126	1459.00	38	318.00
2015	2410	40970.00	230	3450.00	177	1770.00	102	1181.00	38	318.00
2016	2650	45050.00	250	3750.00	195	1950.00	110	1274.00	40	334.00
2017	2650	46799.00	260	3900.00	200	2000.00	115	1331.00	42	350.00
2018	2700	48600.00	261	3915.00	205	2050.00	116	1392.00	42	336.00
2019	2800	50400.00	362	5430.00	210	3050.00	120	3150.00	45	1440.00
2020	3850	51300.00	370	5550.00	220	3300.00	125	3300.00	46	1500.00

स्त्रोत : निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. (क्षेत्रफल हेक्ट. /उत्पादन मिट्रिक टन में)

उपरोक्त सारणी में आलू, बरबट्टी, हरा मटर, करेला और सेमी उत्पादन का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन का वि□लेशण निम्नानुसार है –

6. आलू – वर्श 2010 की तुलना में 2011 में फसल क्षेत्रफल का औसत वार्शिक वृद्धि दर 3.6 प्रति ात और उत्पादन में 3 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 9.3–0.2 प्रति ात की गिरावट आयी जबकि वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल औसतन 37.5 प्रति ात और उत्पादन में 1.8 प्रति ात वृद्धि पाया गया। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 53.8 प्रति ात और उत्पादन में 83.6 प्रति ात औसतन वृद्धि रहा जो उन्नत कृशि का परिणाम है।

7. बरबट्टी – वर्श 2010 की तुलना में 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 2.8 प्रति ात वृद्धि हुआ जबकि उत्पादन में 2.9 प्रति ात अधिक रहा। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 0.8 प्रति ात की गीरावट आई और उत्पादन में भी 7 प्रति ात की कमी आयी। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 2.2–2.2 प्रति ात गीरावाट आयी। लेकिन विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 54 प्रति ात और उत्पादन में 413 प्रति ात औसतन वृद्धि हुई है, जो उन्नत कृशि का परिणाम है।

8. हरा मटर – वर्श 2010 की तुलना में 2011 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में वार्शिक वृद्धि दर 0.8–0.8 प्रति ात रहा। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में क्रम ाः औसतन 33.6–28.3 प्रति ात की गीरावट आई जबकि वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 4.8 प्रति ात वृद्धि और उत्पादन में 8.2 प्रति ात वार्शिक वृद्धि दर्ज किया गया। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 13.7 प्रति ात गीरावट और उत्पादन में 188 प्रति ात औसतन वृद्धि हुई है, जो उन्नत कृशि का परिणाम है।

सारणी–3

जशपुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन का विवरण

वर्श	गवारफली		कददू		लौकी		मुनगा		तुरई/झिंगी	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2010	65	442.00	36	396.00	290	4680.00	12	41.00	40	270.00
2011	65	442.00	40	440.00	290	4692.20	13	44.20	42	283.50
2012	66	458.70	41	485.85	292	4958.16	14	52.64	43	335.40
2013	66	459.00	41	486.00	295	5009.00	15	56.00	48	360.00
2014	65	452.00	42	497.00	296	5025.00	15	56.00	49	367.00
2015	65	452.00	42	497.00	290	5025.00	15	56.00	46	367.00
2016	65	452.00	45	532.00	295	5111.00	15	56.00	50	398.00
2017	65	452.00	50	591.00	300	5196.00	16	59.00	52	413.00
2018	68	476.00	51	612.00	310	5270.00	17	68.00	53	428.00
2019	70	360.00	52	490.00	315	6300.00	30	120.00	55	440.00
2020	71	497.00	53	636.00	320	6400.00	35	140.00	56	448.00

स्त्रोत : निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. (क्षेत्रफल हेक्ट. /उत्पादन मिट्रिक टन में)

9. कददू – वर्श 2010 की तुलना में 2011 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में वार्शिक वृद्धि दर 11–11 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 2.4 प्रति ात पर स्थिर रहा जबकि वर्श 2014 और 2015 में उत्पादन 2.3 प्रति ात पर स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल औसतन 1.9 प्रति ात और उत्पादन में 29.8 प्रति ात वार्शिक वृद्धि हुआ। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 47.2 प्रति ात और

उत्पादन में 60.6 प्रति ात औसतन वृद्धि हुई है, जो उन्नत कृशि का परिणाम है।

10. **लौकी** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में स्थिर रहा जबकि उत्पादन में 0.3 प्रति ात वृद्धि रहा। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल में 2 प्रति ात की कमी और 2014 और 2015 में उत्पादन 0.3 प्रति ात पर स्थिर रहा और वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन 1.6–1.6 प्रति ात वृद्धि हुआ। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 10.3 प्रति ात और उत्पादन में 36.7 प्रति ात औसतन वृद्धि हुआ, जो आधुनिक कृशि प्रणाली की देन है।

11. **मुनगा** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 8.3 प्रति ात और उत्पादन में 7.3 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2014, 2015 और 2016 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 7.1 प्रति ात पर स्थिर रहा और वर्श 2014 और 2014, 2015 और 2016 में उत्पादन 6.4 प्रति ात पर स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 16.7–16.7 प्रति ात वार्शिक वृद्धि हुआ। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 191 प्रति ात वृद्धि हुआ जबकि उत्पादन में 332 प्रति ात वृद्धि हुआ जो लगभग तीन गुना अधिक है।

12. **तुरई** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 5 प्रति ात और उत्पादन में 4.8 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 7.5 प्रति ात कमी आयी जबकि उत्पादन में 1.9 प्रति ात पर स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल औसतन 1.8 प्रति ात और उत्पादन में 14.5 प्रति ात वार्शिक वृद्धि हुआ। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 40 प्रति ात वृद्धि रहा और उत्पादन में औसतन 65.9 प्रति ात वृद्धि हुआ। उत्पादन में यह वृद्धि उन्नत कृशि का परिणाम है।

सारणी–4

जशपुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन का विवरण

वर्श	कोचई		मूली		गाजर		पत्तेदार सब्जी		कुन्दरू/ परवल	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2010	83	1137.00	95	1015.00	15	165.00	256	1467.00	11	121.00
2011	84	1145.76	95	1046.00	15	165.00	261	1492.42	12	97.20
2012	85	1162.80	97	2486.11	16	209.92	263	2319.46	13	146.90
2013	86	1176.00	98	2510.00	16	210.00	265	2337.00	13	147.00
2014	87	1189.00	95	2433.00	10	131.00	290	2557.00	13	146.00
2015	85	1189.00	75	2433.00	10	131.00	290	2557.00	13	146.00
2016	86	1196.00	76	2448.00	10	131.00	290	2557.00	13	146.00
2017	87	1209.00	77	924.00	11	143.00	300	2640.00	20	224.00
2018	87	1218.00	78	936.00	11	143.00	315	2835.00	20	224.00
2019	90	1260.00	78	936.00	11	143.00	325	3250.00	20	22.00
2020	98	1372.00	80	960.00	11	143.00	335	3350.00	20	22.00

स्त्रोत : निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. (क्षेत्रफल हेक्ट. /उत्पादन मिट्रिक टन में)

13. **कोचई** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 1.2 प्रति ात और उत्पादन में 0.8 प्रति ात वृद्धि रहा। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 2.3–2.3 प्रति ात पर स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 8.9–2.8 प्रति ात वृद्धि हुआ। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 18 प्रति ात वृद्धि रहा और उत्पादन में 20.7 प्रति ात वृद्धि हुआ।

14. **मूली** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल स्थिर रहा और उत्पादन में 3.1 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2014 और 2015 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 21.7 प्रति ात घटकर क्षेत्रफल स्थिर रहा जबकि उत्पादन में 3.1 प्रति ात गिरावट आयी। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 2.6 प्रति ात वृद्धि हुआ जबकि उत्पादन में 8.9 प्रति ात की कमी आई। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 15.8 प्रति ात और उत्पादन में औसतन 5.4 प्रति ात गिरावट पाया गया।

15. **पत्तेदार सब्जी** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 1.9 प्रति ात और उत्पादन में 1.7 प्रति ात वृद्धि रहा। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 9.4 प्रति ात और उत्पादन 2014, 2015 और 2016 में 9.4 प्रति ात पर स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल औसतन 26 प्रति ात और उत्पादन में 3.1 प्रति ात वार्शिक वृद्धि हुआ। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 31 प्रति ात और उत्पादन में 128 प्रति ात वृद्धि हुआ जो उन्नत कृशि का परिणाम है।

16. **कुन्दरू** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 9 प्रति ात और उत्पादन में 20 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2014, 2015 और 2016 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 8 प्रति ात पर स्थिर रहा जबकि उत्पादन 2014, 2015 और 2016 में 0.7 प्रति ात गिरावट के साथ स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन गिरावट दर्ज किया गया। इसी प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में औसतन 82 प्रति ात वृद्धि रहा लेकिन उत्पादन में 82 प्रति ात गिरावट आयी।

सारणी–5

जशपुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन का विवरण

वर्श	भाकरकंद		प्याज		हरी मिर्च		ामिला मिर्च	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2010	112	1008.00	391	5865.00	–	–	–	–
2011	114	1026.00	395	9525.00	–	–	–	–
2012	115	1402.95	400	6380.20	–	–	–	–
2013	120	1194.00	402	6412.00	–	–	–	–
2014	120	1194.00	405	6459.00	–	–	–	–
2015	120	1194.00	406	6455.00	–	–	–	–
2016	120	1194.00	410	6518.00	–	–	–	–
2017	125	1250.00	425	6753.00	–	–	–	–
2018	125	1250.00	430	6880.00		–		–
2019	130	2340.00	440	7040.00	1986	11618.00	–	–
2020	140	2520.00	460	4255.00	2180	12753.00	215	650.00

स्त्रोत : निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. (क्षेत्रफल हेक्ट. /उत्पादन मिट्रिक टन में)

17. **शकरकंद** – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में वार्शिक वृद्धि दर 1.8–1.8 प्रति ात तेजी रहा। वर्श 2012 की तुलना में वर्श 2013, 2014 और 2015 में फसल क्षेत्रफल में औसतन 4.3 प्रति ात पर स्थिर रहा और उत्पादन 2012 की तुलना में 2013, 2014 और 2015 में 14.8 प्रति ात गिरावट के साथ स्थिर रहा। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में औसतन 7.7–7.7 प्रति ात वृद्धि हुआ। इस प्रकार विगत दस वर्शों में क्षेत्रफल में 25 प्रति ात और उत्पादन में औसतन 150 प्रति ात है जो लगभग 2.5 गुना वृद्धि

हुआ।

18. प्याज – वर्श 2010 की तुलना 2011 में फसल क्षेत्रफल में वार्शिक वृद्धि दर 1.0 प्रति ात वृद्धि और उत्पादन में 57.3 प्रति ात वृद्धि हुआ। वर्श 2015 में फसल क्षेत्रफल औसतन 0.2 तेजी आयी लेकिन उत्पादन घटकर 0.06 प्रति ात पर आ गया। वर्श 2020 में फसल क्षेत्रफल औसतन 4.5 प्रति ात वृद्धि हुआ जबकि उत्पादन में 39.6 प्रति ात की भारी गिरावट आयी। इस प्रकार विगत दस वर्शों में प्याज का क्षेत्रफल में औसतन 17.6 प्रति ात की वृद्धि हुई जबकि उत्पादन में औसतन 20 प्रति ात तेजी आयी जबकि 2020 में 27 प्रति ात गिरावट पाया गया।

सारणी–6

जशपुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन का विवरण

वर्श	अन्य सब्जियाँ		जिले में सब्जी फसल का क्षेत्रफल/उत्पादन		क्षेत्रफल एवं उत्पादन का वार्शिक वृद्धि दर		प्रदे ा कुल फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन में जिले का योगदान	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2010	451	2534.00	10234	115065.00	–	–	3.3	3.2
2011	451	2530.11	10435	117968.89	1.9	2.5	3.1	2.8
2012	456	3054.20	10498	153947.54	0.6	30.5	2.9	3.4
2013	495	3312.00	10698	155541.00	1.9	1.0	5.1	3.1
2014	415	2776.00	10768	156906.00	0.9	0.9	2.7	2.9
2015	230	2776.00	10909	166535.00	1.3	6.1	2.6	2.7
2016	250	2839.00	11303	172524.00	3.6	3.6	2.6	2.8
2017	260	2951.00	11520	174742.00	1.9	1.3	2.5	2.7
2018	260	2951.00	11913	181465.00	3.4	3.8	2.5	3.8
2019	270	3132.00	14208	209164.00	19.3	15.3	2.9	3.0
2020	215	650.00	14726	211354.00	3.6	1.05	2.8	2.9

स्त्रोत : निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. (क्षेत्रफल हेक्ट./उत्पादन मिट्रिक टन में)

ज ापुर जिले में सब्जी फसल क्षेत्रफल और उत्पादन अध्ययन का परिणाम – उपरोक्त अध्यय से स्पश्ट है कि ज ापुर जिले में नवीन कृशि तकनीक आधारित सब्जी उत्पादन अपने प्रारम्भिक दौर से गुजर रहा है। अध्ययन से स्पश्ट है कि जिले में विगत एक द ाक में सब्जी उत्पादन के फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में हुए अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। यहाँ किसानों द्वारा सब्जी उत्पादन हेतु आधुनिक तकनीक का उपयोग विगत एक द ाक का अल्प अनुभव है फिर भी उत्पादन में काफी तेजी आयी है। सारणी 6 से स्पश्ट है कि प्रदे ा की कुल फसल क्षेत्रफल की तुलना उत्पादन में अधिक योगदान है। वर्तमान में जिले के ऊपरघाट के पठारी क्षेत्र और नीचघाट के मैदानी क्षेत्र में सब्जी उत्पादन की दृश्टि से क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। जिले में उत्पादित सब्जियों को प्रदे ा के कोरबा, बिलासपुर, अम्बिकापुर आदि जिले को भेजा जाता है। प्रदे ा के कुल सब्जी उत्पादन में ज ापुर जिले का महत्वपूर्ण योगदान है। अध्ययन अवधि में सब्जी का फसल क्षेत्रफल और उत्पादन के परिणाम को तीन वर्गों में निम्नानुसार वर्गीकरण किया जा सकता है–

अ. फसल क्षेत्रफल में वृद्धि की तुलना उत्पादन में अधिक वृद्धि :–

ज ापुर जिले में सब्जी का फसल क्षेत्रफल और उतपादन की दृश्टि से वर्श 2011, 2015 और 2018 में सब्जी उत्पादन हेतु प्रयुक्त फसल क्षेत्रफल की तुलना में उत्पादन अधिक हुआ।

ब. फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में समान वृद्धि :–

अध्ययन अवधि में ज ापुर जिले में वर्श 2014 और 2016 में सब्जी उत्पादन हेतु प्रयुक्त फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में समान अनुपात वृद्धि या कमी पायी गयी।

स. फसल क्षेत्रफल में वृद्धि की तुलना में उत्पादन में कमी :–

ज ापुर जिले में वर्श 2013, 2017, 2019 और 2020 में सब्जी फसल क्षेत्रफल में वृद्धि की तुलना में उत्पादन में गिरावट देखने को मिलता है।

निष्कर्ष :–

अध्ययन से स्पश्ट है कि ज ापुर जिले में विगत एक द ाक में आधुनिक कृशि पद्धति अपनाने से निःसंदेह सब्जी उत्पादन में व्यापक परिवर्तन हुआ है इससे फसल क्षेत्रफल और उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुई है। जिले के किसानों द्वारा उन्नत बीज, ड्रीप सिंचाई, मल्चिंग, ग्रीन हाऊस, जैविक खाद, पौधे के लिए जाली का उपयोग और खरपतवार प्रबंधन जैसे तकनीक का उपयोग को बढ़ावा मिला है इससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और सब्जी उत्पादन किसानों में समृद्धि आई है। जिले में सब्जी उत्पादन में कुछ समस्याएँ भी है जैसे–सब्जी उत्पादक किसानों की संख्या में कमी, कृशि संसाधन की कमी, उचित कीमत न मिलना, वैज्ञानिक कृशि तकनीक सम्बंधी जानकारी की कमी, भंडारण और मंडी की कमी किसानों के लिए बड़ी समस्या है।

संदर्भ सूची :–

1. Genral knowledge system-https://icar-ciwa.in
2. कृशि जगत, राश्ट्रीय कृशि पत्रिका–सब्जी उत्पादन की हाईटेक तकनीकी.-https://krishijahat.org
3. आधुनिक तकनीक से सब्जी पौध उत्पादन – https://agriculture.vikaspedia.in
4. कृशि उत्पादन में सब्जी उत्पादन का अध्ययन, देवांगन, डॉ. पुश्पा, देवांगन डॉ. बी. प्रसाद. International Journal of Humanities and Social science Research.Vol. 10,p. 56-57. Feb.2024.
5. सब्जी उत्पाद और उत्पाद की गुणवत्ता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव–एक समीक्षा. दीक्षा सेठी, ि ावालिका सूद, वीरेन्द्र, कोमल भार्मा, Agriculture Research communication centre. Agriculrure Reviews. https://arccjournal.com
6. निदे ाक, बागवानी एवं कृशि वानिकी विभाग, छत्तीसगढ. वार्शिक रिपोर्ट।
7. सब्जी उत्पादन की हाईटेक तकनीक. https://www.krishakjagat.org

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
August 2025 Page No. : 62-66

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

संस्कृत वाङ्मय के भक्ति तत्व काव्यो में पं. नथमलशास्त्री दाधीच के विरचित काव्यो का अनुशीलनात्मक अध्ययन

बृजेश्वर शर्मा, शोधार्थी
डॉ. भेषराज शर्मा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर,
संस्कृत दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग, वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली।

प्रस्तावना :–

विश्व साहित्य में संस्कृत वाङ्मय का महत्वपूर्ण स्थान है। संस्कृत केवल एकमात्र भाषा नहीं है अपितु संस्कृत एक विचार है, संस्कृत एक संस्कृति है, एक संस्कार है, संस्कृत में विश्व का कल्याण है, शान्ति है, सहयोग है तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना है। संस्कृत भाषा के वैदिक और लौकिक साहित्य की सुविशाल परम्परा ने मानव को जीवन जीने के सच्चे अर्थों से सुपरिचित करने का अतुल्य कार्य किया है। संस्कृत केवल स्वविकसित भाषा नही है बल्कि संस्कारित भाषा भी है अतः इसका नाम संस्कृत है, संस्कृत को संस्कारित करने वाले भी कोई साधारण भाषाविद् नही है बल्कि महर्षि पाणिनि, कात्यायन एवं पतंजलि आदि है।

संस्कृत भाशा का वाङ्मय अतिविस्तृत है। इसका मूल कारण है साहित्य सृजन की निरन्तरता। वैदिक काल से आरम्भ होकर संस्कृत साहित्य सृजन परम्परा लगातार वर्तमान काल में भी भारतीय परम्परा संस्कृत का गौरवमय स्थान है। संस्कृत प्रत्येक क्षण मानव हृदय को स्पर्श करती हुई सत्कार्य करने की सत्प्रेरणा देती है।

विशय प्रवे□ा :–

ऋग्वेद में वर्णित मन्त्र में कहा गया है –

"ते अज्येष्ठा अकनिष्ठास उद्भिदोऽमध्यमासो महसा वि वावृधुः"।।

ऋग्वेद शिक्षण शिक्षा में इसका वर्णन करते हुए लिखा है –

"वयो न ये श्रेणीः पप्तुरोजसान्तान्दिवो वृहतः सानुनस्परि।"

मानवीय शिक्षा से युक्त होकर राष्ट्र की उन्नति व उत्थान की और अग्रसर होने का प्रयत्न करना चाहिए। ईशावास्योपनिषद् में भी कहा गया है–

"अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते"।

अज्ञानता से ज्ञान के प्रति बढावा देना ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। सम्पूर्ण विश्व में अद्वितीय विश्वगुरुता प्राप्त करने का सौभाग्य केवल भारतभूमि को ही प्राप्त हो पाया है। भारतभूमि जो देवताओं व मुनियों के प्रादूर्भाव

से उर्वरित हुई, उनकी कृपा दृष्टि रूपी सुधा प्रवाह से सिक्त होकर अपने सभ्यता एवं संस्कृति के विकसित कुसुमो के सौभाग्य से सभी के हृदयों में निवास करती है। अतः संस्कृत भाषा को देवभाषा कहा जाता है। संस्कृत भाषा से ही मानव संस्कृति सभ्यता का इतिहास सुरक्षित है। जैसे कहा भी गया है–

असंस्कृत को जो सुसंस्कृत कर दे, वह है संस्कृत भाषा।
गुरू की महिमा का जो गुणगान सिखा दे, वह है संस्कृत भाषा।।
विद्वता का जो मान बढा दे, वह है संस्कृत भाषा।
स्त्री का जो सम्मान सिखा दे, वह है संस्कृत भाषा।।
कवियों का जो स्वाभिमान बढा दे, वह है संस्कृत भाषा।
राजनीति का जो रंग बता दे, वह है संस्कृत भाषा।।
इतिहास का जो इतिहास बता दे, वह है संस्कृत भाषा।
अन्तर्मन का जो दर्शन करा दे, वह है संस्कृत भाषा।।

संस्कृत भाषा में ही ज्ञान–विज्ञान के पोषक चारो वेद है। और संस्कृत साहित्य में ही ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यकग्रन्थ, शिक्षाग्रन्थ, शाखाग्रन्थ, उपनिषद्ग्रन्थ, दर्शनग्रन्थ, व्याकरणग्रन्थ, साहित्यग्रन्थ, धर्मग्रन्थ, लौकिकग्रन्थ, नीतिग्रन्थ, कालग्रन्थ, चारित्रिक निर्वाहक ग्रन्थ आदि है जो संस्कृत साहित्य में उदात्त भावों एवं सांस्कृतिक गौरव के सर्वहितैषी और सर्वसमावेशी सिद्धान्तों के व्यवहारिक पक्ष का जीवन्त चित्रण प्राप्त होता है।

अमृतं सस्कृतं मित्रं, सरसं सरलं वचः।
एकतामूलकं राष्ट्रे, ज्ञान-विज्ञान पोषकम्।।

संस्कृत भाषा के अध्ययन अध्यापन को प्रोत्साहित करने में, संस्कृत के ज्ञान विज्ञान को बढाने में भी राजस्थान के विद्वान सदैव अग्रसर रहते है। संस्कृत को प्रतिष्ठापित करने में उनका योगदान प्रसंसनीय है। "कुलं पवित्रं जननी कृतार्था वसुन्धरा पुण्यवती च तेन।

"अपार सच्चितसुखसागरेऽस्मिन् जीनोपरेब्रह्मणियस्य चेत।।"

श्लोकानुसारेण जिस धरा पर महापुरुषो का जन्म होता है। जिनके जन्म लेने से वहाँ की धरा व तत्कुल स्वतः ही पवित्र हो जाते है। पण्डित नथमलशास्त्री दाधीच ने अपने यशस्वी जीवन में अनेक साहित्यों की रचना की। उनके रचना ग्रन्थों में –

1. संस्कृत –पद्यानुवाद
   (तुलसीकृत 108 दोहा –मणिमाला) भगवती टीका सहित
2. संस्कृत भक्तमाला
   (श्री नाभाजी कृत भक्तमाल का काव्यमय रुपान्तरण)
3. श्री अजमाला भक्तिगाथा संस्कृत भक्ति काव्यम् "भूरि" हिन्दी टीका सहित
4. श्री कृष्ण महास्त्रोत्रम्
   (संस्कृत स्त्रोत्रकाव्यम् भगवती टीका सहित)

भक्तितत्व :-

भगवद्भक्त, भगवद्भक्ति, भगवद्तत्व के उपदेष्टा आचार्य (गुरु) एवं भगवान का स्मरण इन चारों में अभेद

दर्शन का ही प्रतिपादन करते है। ये चार नाम है लेकिन इनका शरीर एक ही है। इनके चरणों में वन्दना करने से मनुष्य के सांसारिक एवं पारमार्थिक समस्त शुभ कार्यों में आने वाले सकल विघ्न स्वतः ही नष्ट हो जाते है। इनमें निविघ्नता की मंगल कामना निहित है।

वासुदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितः।
जनयत्याशो वैराग्यं ज्ञानं यद् ब्रह्मदर्शनम्।।

जिसे सगुण साकार ब्रह्म के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है उसे श्रीमद्भागवत में "ब्रह्मदर्शन" का हेतु कहा गया है।

श्रीद्वारकानाथमिति स्वरूप पश्यन्ति ये भक्तजनाः।
कलयुगे गच्छन्ति ते विष्णुपदं तदेव योगेश्वरणामिति।।

भक्तमाला में वर्णित अनेक भक्तों के जीवन चरित्र से यही प्रमाणित होता है कि **"हरि को भजे सो हरि को होई"।**

श्री नाभाजी ने भी तुलसीकृत नवधा भक्ति को ही स्वीकार किया है। भक्ति के विषय में तुलसीदास जी ने लिखा है –

भक्तिहीन नर सोहत कैसे,
बिनु जल वारिद देखिये जैसे।

श्री मद्भागवत में भी नवधाभक्ति के स्वरूपो का वर्णन करते हुए लिखा गया है –

श्रवणः कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादं सेवनम्।
अर्चनं वदनं दास्यं सख्यात्मनिवेदनम्।।

नाभाजी ने इसी भक्तिविषय क्रम को लिखा है –

पदपराग करूणा करो नेता नवधा भक्ति के।
श्रवण परीक्षित सुमति व्यास सावक सुकीरतन।।
सुदि सुमिरन प्रहलाद पृथु हमला चरणन मन।
वन्दन सुफलक सुवन दास्य दीपति कपीश्वर।।

गुरूनिष्ठा :-

हमारे यहाँ अन्यान्य शास्त्र वचनानुसार कहा गया है कि –

वेद्यै देवे तथा मन्त्रे, औषधे च गुरौ तथा।
यादृशी जायते श्रद्धा सिद्धिर्भवति तादृशी।।

इस जगत में यह देखा जाता है कि रोगी को वैध, औषधि में, साधक को देवता व गुरुमन्त्र में जैसी श्रद्धा होती है वैसी ही सफलता सिद्धि प्राप्त हो जाती है।

स्वामी रह्यो समाय दास दरसन को में आयौ।
गुरू की गिरा विश्वास फेरि सब घर में ल्यायौ।।
शिष पान साँचो करन को विभु सवै सुनत सोई कहयो।
गुरू गादित वचन शिश सत अति दृड़ प्रतीत गाढो महयो।।

एतदानुसार भक्ति भगवान को अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय है। भक्ति के कारण ही भक्त के आमन्त्रण पर भगवान जाति–पाति, ऊँच–नीच के सांसारिक भेदभाव को भुलाकर अपने भक्त के घर चले जाते है।

भक्तलोक प्रसन्नात्मा भक्तमन्दार विग्रहः।
भक्तदारिद्रयदमनो भक्तानां प्रीतिदायकः।।

उपसंहार :–

पं. श्रीनथमलशास्त्री दाधीच के विरचित काव्यों में एवं संस्कृत वाङ्मय में भक्तितत्व ही सर्वोपरि माना गया है। जिसमें भक्ति के विभिन्न प्रकार, आयामों का मानवीय मूल्यों के सन्दर्भ में दृष्टिपात किया जा सकेगा।

भगवान नारायण श्रीहरि, गुरुभक्ति की करूणामयी प्रेमस्वरूपा, रसमयी, ज्ञान वैराग्यमयी, ब्रह्मस्वरूपा दिव्यशक्ति "भक्ति" के बिना कोई भी साधक भक्त नहीं कहलाया जा सकता। यही भक्ति मनुष्यो को सदाचरण करने की शिक्षा देती है। मन्त्रदीक्षा प्रदान करके शिष्य के अन्तकरणः में भक्ति भाव का बीजारोपण करते है या दिव्यदृष्टि प्रदान करते है उनके रूप में भक्ति को ही जानना चाहिए।

श्री मद्भागवद में विश्वात्मा, सर्वान्तर्यामी, पुरुषोतम परमात्मा को " ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति भाब्धेते कहा गया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. ऋग्वेद – 5/58/6.7
2. ईशोपनिषद् – 11
3. अग्निपुराण – 327/3
4. श्रीमद् भगवद्टीका – 3/32/23
5. श्री गोपालसहस्त्रनाम् – 139, 140
6. भर्तृहरि, नीतिशतकम्।
7. तुलसीकृत रामचरित्रमानस।
8. भारत–भारती–वैभवम्।
9. श्रीमद् भगवदगीता – 17, 15
10. संस्कृत वाङ्मयकोष।
11. राधाकान्त शब्दकल्पद्रुमः।
12. आप्टे, वामनशिवराम संस्कृत हिन्दीकोश।
13. शुक्ल, द्विजेन्द्रनाथ, भारतीय स्थापत्य।
14. कल्याण, हिन्दू संस्कृति विशेषांक गोरखपुर गीताप्रेस।
15. भारतीय प्राचीन लिपिमाला।
16. डां. कपिलदेवद्विवेदी – संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक।
17. ठाकुर लक्ष्मीदत प्रमुख स्मृतियों का अध्ययन।
18. आचार्य विश्वनाथ साहित्यदर्पण।

19. शास्त्री पं. नथमलदाधीच – संस्कृत भक्तमाला
श्री अजमल भक्तिगाथा
संस्कृत पद्यानुवाद
श्री कृष्ण मन्त्र महास्त्रोत्रम्
स्त्रोत्र रत्नाष्टकम्
20. शास्त्री पं. रामगोपाल – गोपालसहस्त्रनाम्।
21. शास्त्री कलानाथ – संस्कृत साहित्य का इतिहास।
22. मिश्र रतनलाल – भारतीय संस्कृति (1998)

पता– बृजे वर भार्मा पुत्र श्री राधे याम भार्मा
(ोधार्थी– वनस्थली विद्यापीठ निवाई, टोंक)
मु. पो.– मीठडी, तह – नावां,
जिला– डीडवाना–कुचामन, राजस्थान, पिन –(341533)
ईमेल – anirudhdadhich5@gmail.com
मो.– 9351579451

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
August 2025 Page No. : 67-75

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

असम का लोकगीत

डॉ. अनिरूद्ध वायन
प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, मध्य कामरूप कॉलेज।

लोक कविता या लोक गीत, मार्गीय गीत या लिखित कविता एक नहीं है। वाचिक कला की इस वृहद अंश को लोकगीत कहा जाता है। जिसको गाने में हम संगीत की धारा को महत्व न देकर केवल अपने हिसाब से आवृत्ति करते हुए सुर ताल, लय, संगत न करके केवल पढ़ते हैं। लोकगीत का सुनिर्दिष्ट लिपिवद्ध अवस्था में प्राप्त नहीं होते हैं, बल्कि उसका स्वर लिपि मौखिक परमारा में चली आ रही है जिसके कारण लोक गीत गायन शैली में पाठान्तर या भिन्नता दिखाई पड़ती है। यहा तक कि लोक गीत के साथ संगत किया गया वाद्य यन्त्र तथा वाद्य यंत्र को बजाने का तरीका भी अलग हो जाता है। लोक गीत का कोई स्थायी पाठ या शैली नहीं रहते हैं। जिसके कारण अवस्थान भेद से इसका शैली परिवर्तन होता है। इसलिए विषय तनिक रूप में इसे लोक गीत कहा जाता है। दूसरे शब्द में हम कह सकते हैं कि भिन्न देश, स्थान में प्रचलित संगीत शैली जो मौखिक और जनश्चुति के आधार पर, स्मृति या स्मरण के आधार पर जो संगीत शैली परिवेशन किया जाता है उसे लोक संगीत कहा जाता है। जो संगीत को धारा किसान, मजदूर, साक्षर, निरक्षर समस्त श्रेणी के लोगों के बीच प्रचलित है।

लोक गीत की मूल विशेषता है मौखिकता। इनके अतिरिक्त अन्य कुछ विशेषता यह है कि लोकमत के सुर, लय आदि का उत्पत्ति के बारे में गायकों को कुछ पता नहीं रहता है। लोक गीत की तीसरी विशेषता यह है कि इसके सुर की कोई निर्दिष्ट रूप नहीं है। गायकों की चाह या अनचाह में ही इसमें परिवर्तन हो जाता है। जिसके कारण लोक गीत के सुर में वैचित्रता दिखाई पड़ती है। लोकगीत की नान्दनिक दिशा यह है कि उसकी कथा (गीत), उसकी सुर–ताल–लय की अनुरन आदि इस गीत को शस्त्रीय संगीत धारा तक उत्तरित करने में महत्व पूर्ण भूमिका ले रहे हैं। इसके गायन में लोक बाद्य का सहयोग भी महत्वपूर्ण है।

लोक गीत और शस्त्रीय संगीत में अंतर :–

शारंग देव ने अपने ग्रन्थ 'संगीत–रत्नाकर' में लोक गीत और मार्गीय संगीत में अंतर स्पष्ट करते हुए लिखा है –

'मार्गो देशीति तदद्वेता तत्र मार्गः स उच्यते।
जो मार्गितो विरिंण दैयः प्रयुक्तो भरत दिभिः।।
देवस्य पुरतः शंभोनियताभ्युदय प्रदः।
देशे देशे जनानं चटुच्या ह्रदयरंजकम''।।[1]

अर्थात् मार्ग और देश इन दो भागों में संगीत विभक्त तिरिंचि अर्थात व्रघ्ना, भरतमूनि आदि पथ प्रदर्शक

और अनुमोदित पथ से परम्परा को रक्षा कर प्रवाह मान संगीत धारा ही मार्ग या शास्त्रीय संगीत है। प्राचीन काल से प्रवाहमान निरविच्चिन्न संगीत धारा है, मार्गीय या शस्त्रीय संगीत है।

लोकगीत या देशी संगीत के बारे में संगीत रंताकर में उल्लेख नहीं है किन्त लोकसंगीत का अर्थ समझाने के लिए देशी संगीत परिभाषा को प्रयोग किया है उसमें कोई सन्देह नही हैं देखिए –

"गीतं च वादनं नृत्यं तद्देशीत्यभिधीचते।
नृत्यं वाद्ध्यनुगं प्रोक्तां वाद्यं गीतानुवर्ती।।"[2]

अर्थात् देश संगीत या लोक गीत गीत, वादय और नृत्य का समाहार है। लोकगीत का नृत्य वाद्यनुगत और वाद्य गीत का अनुगामी है।

लोक गीत और मार्गीय गीत की अंतर :–

1. लोक गीत या देशी गीत रीतिबद्ध नहीं है जबकि मार्गीय या शास्त्रीय गीत रीतिबद्ध है।
2. लोकगीत पाठान्तर है जबकि मार्गीय गीत या शास्त्रीय गीत पाठान्तर हीन है।
3. लोकगीत का सुनिर्दिष्ट तथा परिवर्तनशील है जबकि मार्गीय संगीत अपरिवर्तनीय या स्थिर है।
4. लोकगीत परिमार्जित नहीं है जबकि मार्गीय गीत लोकगीत के तुलना में अधिक परिमार्जित है।
5. लोक गीत सुगढ़ी नहीं है किन्तु लोकगीत की तुलणा में मार्गीय गीत सुगढ़ी है।
6. लोकगीत के शैली आत्मसजग नहीं है, सामाजिक सजगता इसका मूल विशेषता है। सामाजिक पटभूमि में सामाजिक चेतना के आधार पर इसका जन्म होता है, किन्तु शास्त्रीय या मार्गीय संगीत एक विशेष लोक ही सृष्टि कर सकते है।
7. लोकगीत देश की सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं है किन्तु शस्त्रीय संगीत देश की सरकार द्वारा स्वीकृत होता है।

साहित्यिक दृष्टि से लोकगीत साहित्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है। असमीया लोकगीत को मूलतः तीन भागों में विभाजित किया जाता है। अध्ययन की सुविधा के लिए लोक गीत को कुछ उपभागों में भी विभाजित किया जाता है।

1. **अनुष्ठान मूलक लोकगीत :–**
   - बिहू गीत
   - आइ नाम
   - बिया नाम
2. **आख्यानमूलक लोक गीत :–**
   - (क) मनि कोवँरर गीत
   - (ख) बारमाही गीत
   - (ग) बरफुकनर गीत
3. **विविध विषयक गीत :–**
   - (क) निचुकनि गीत
   - (ख) गरखीया गीत

(ग) नाँव खेल गीत।

लोकगीतों में विषयवस्तु और रचना काल की अन्तर होते हुए भी प्रकाश भंगीमा में सादृश्यता देखने को मिलता है। अनाडम्बर सहज–सरल भाषा, गांव की परिवेश, आंचलिक प्रकाश शैली भावों की मुक्तावस्था, सहज विश्वास, अलौकिकता का प्रभाव पाये जाते है। इस गीत की छन्द, भाव, और भाषा शृंखलित न होते हुए भी स्वच्छंद और भावों की उन्मुकता दिखाई पड़ता है। किसान जीवन का ये मुक्त विचरन और आदिम और लौकिक भावावेग का अकृतिम भावों का प्रकाश लोकगीत में पाया जाता है। लोक गीत में व्यक्ति विशेष की अनुभूति प्रकाश न होकर सामूहिक जीवन का आशा, आकांक्षा आदि परिष्फुट होता है। छंद, सुर और लय के साथ संगति रखने के लिए स्थान विशेष में मूल भाव से मिलाजुला शब्द का व्यवहार प्रायः लोकगीतों में पाया जाता है।

अनुष्ठान मूलक लोकगीतों में से बिहू गीत, आइ नाम, बिया नाम, घ्घ्घ्घ्घ्घ्घ्, अपेश्वरी गीत, लक्ष्मी सवाहर गीत, महखेदा गीत और विविध पूजा सम्बन्धि गीत उल्लेखनीय है।

बिहूगीत :–

बिहूगीत में से हुचरि गीत और वनगीत ही अंतर्गत आते है। बहाग बिहू के अवसर पर लोग ढोल–पेपा, ताल गगना आदि लेकर हर घर में जाकर सामूहिक रूप में गाने वाले बिहुगीत–हुचरि गीत है। ये गीत मूलत यौवन भाव बर्जित गहीन भक्तिभाव सम्पन्न भगवान के नाम से शुभारम्भ किया जाता है। साथ ही साथ समाज में गाने लायक अश्लीलता हीन बिहूगीत नृत्य गीत होता है। उदाहरण :–

'कृष्णर मुरते बकुल फुल एपाही
नियँर पाय मुकलि पाइ ए गोबिन्दाइ राम।'

दूसरी और वनगीत प्रायः उन्माद यौवन की यौन वासना का उन्मुक्त प्रकाश होता है ये एक प्राय बिहू मैदान, खुले मैदान खेत अथवा निर्जन वनस्थली में गाये जाते हैं। बिहू मूलतः ऋतु उत्सव है। बहाग बिहू मूलतः बसन्त उत्सव का असमीया अभिव्यक्ति है। बसन्त के आगमन के साथ साथ प्रकृति यौवन–शोभा धारण करते है। मृदु हवा, कोयल की कुक, मधुर प्राकृतिक शोभा तथा वारिष की आगमन एक शुचक बादलों की गरगराहट के बीच प्रकृति जगत में मादकता का सृजन करते है। प्रकृति शस्य संभवा होती है। कृषि प्रेमी असम के लोग भी प्रकृति के साथ जुड़कर प्रकृति का उत्सव पालन करते हैं और इस नृत्य गीत से नये साल का स्वागत करते हैं। दूसरी ओर बहाग बिहू को प्रकृति की उर्वरता या प्रजनन उत्सव भी कहा जाता है। बारिश के स्पर्श से असम के प्रकृति शस्य सम्भवा होता है। इस प्रकृति गत बास्तव सत्य खेत या बिहू मैदान में जवान लड़का लड़की यौवन का नृत्य करते हुए सृष्टि की बीज सिंचन करते हैं। इसलिए बिहू की प्रधान सुर प्रणय है। यौवन की उद्दाम वासना, मिलन की तीव्र आकांक्षा, विरह की तीव्र उत्ताप, प्रेम का आकृति और उड़ते हुए रोई की तरह मन का सम्यक प्रकाश बिहूगीतों में पाया जाता है। प्रकृति के गोद में पला हुआ, प्रकृति की गोद से ही जीवन रस आहरन करने वाले किसान, जवान लड़कों का प्रेमाभावापन्न प्रकृति देवी मानवीय कार्यकलाप या घटना का केवल नींव ही नहीं है, प्रकृति उनके अपने प्रेमास्पद है। बिहूगीत में पुरुष हृदय की दुख भाव कही भी टुटा हुआ दिखाई पड़ता है। प्रेम–प्रीति और कोमल भाव का चित्र प्राप्त है।

बिहूगीत मूलतः ग्राम्य किसान जीवन का प्रतिच्छवि मात्र है। जनजातीय परम्परा से प्रारम्भ होकर अनेक युग पार करते हुए बिहूगीत विभिन्न समय की अनुभूति को समाहित करते हुए ग्राम्य किसान जीवन की मौलिक

रूप गठन में अपना योगदान अव्याहत रखा है। बीच बीच में यद्यपि बिहूगीत में सर्गदेउ या दो एक का नामोल्लेख मिलता है वह बिहू गीत में क्षणिक अतिथि मात्र है। बिहूगीत में कभी भी सामन्त युगीन परम्परा में आघात दिखाई नही पड़ता है।

बिहूगीत मूलतः त्रिपदी छंद में रचित है और प्रत्येक स्तवक स्वयं पूर्ण मुक्त रचना है। कोई–कोई स्तवक के दूसरी भाग में मनका भाव प्रकट होता है। प्रथम भाग में उस भाव के साथ मिलाजुला प्राकृतिक चित्र उपस्थापन किया जाता है। बिहूगीत या बिहूनृत्य में प्राचीन काल में लड़का–लड़की अलग अलग गाते हुए नाचते थे। पहले एक साथ नृत्य करने की परम्परा नहीं थी। इसलिए कुछ बिहूगीतों में लड़की की मनोभाव और कुछ बिहूगीतों में लड़का का मनोभाव अभिव्यति होती है।

कुछ बिहूगीतों में प्राकृतिक चित्र न रहकर पूरा स्तवक में एकक भाव विशेष प्रकट होता है। बिहूगीत में प्रयुक्त मई, मोर उत्तम पुरुष का एक वचन का सर्वनाम पर कोई व्यक्ति विशेष से परे वह समष्टि का वाचक है। इसलिए बिहूगीत में प्रकट हुए होता हुआ आशा, आकांक्षा, प्रणय, विरह, आघात दृष्टि में वैक्तिक होते हुए भी सामाजिक है।

बिहूगीत में जवान लड़का–लड़की का मानसिक स्थिति का अभिव्यक्ति दिखाई पड़ती है तो कुछ गीतों में स्त्री–पुरुष के यौवन भाव का, असमीया सामाजिक जीवन का चित्र, प्राकृतिक सौन्दर्य, लोगों की धर्म विश्वास ये सब आभास पायी जाती है। बिहूगीत में प्रयुक्त उपमा कहीं कहीं बड़ी ही मनोरम और सुक्ष्म कल्पना का परिचायक है। एक उदाहारण देखिए :–

'सजात बंदी हल सजारे मईना, हालत बन्दी हल हाती मकरा जालते मोर मन बन्दी हल, तुपनि नाहे मोर राति।'

मकरी की जाल रुपी प्रेमास्पद में फसते प्रेमिक की मानसिक स्थिति का सुन्दर अभिव्यक्ति है। उसी प्रकार अनुप्रास छन्द की प्रयोग से बिहूगीत की ऋतु मधुरता को बढ़ा देता है। देखिए –

'तइनों कलिया अलिया बलिया मोक करि गलि बाउली। जालिकटा बेरेदि खुकुरि मारिलि होवा भातक करिलि चाउल।'

प्रस्तुत उदाहारण में प्रयुक्त ल और ब ध्वनि का प्रयोग से श्रुति मधुरता को जिसप्रकार बढ़ाया है वैसे प्रेम के विह्वलता को भी बढ़ाया है।

बिहूगीत का रचना काल किस निर्दिष्ट काल खंड में हुआ है इसको कहा नहीं जा सकता। कुछ गीतों में 'सर्गदेउ' का उल्लेख मिलता है जिसको अहोम युगीन रचना कहा जा सकते हैं। किन्तु ऐसी रचना बहुत कम मिलता है।

आइ नाम :–

आइ नाम, सुवचनीर गीत, अपेश्वरी गीत, लखिमी सवाहर गीत, गोखानी पूजा की गीत प्रायः एक ही प्रजाति का है। स्त्री समाज में इस गीत का प्रचलन है। चेचक निकलने में उक्त बीमार की अधिष्ठता देवी के रूप में विश्वास किया जाता है। और उनके सात बहनों को संन्तुष्ट करने के लिए 'आइनाम' गाया जाता है। लक्ष्मी पूजा के दिन या घर में खेतों से धान (चावल) शस्य लाने के दिन में लक्ष्मी को साथ न छोड़ने के लिए स्त्रीयों को बुलाकर लक्ष्मी सबाह (पूजा) के गीत गाया जाता है। बच्चों की चेहरा या स्वास्थ उम्र के हिसाब से

विकाश न होने पर तथा बच्छा का चेहरा बिगड़ जाने पर अपसरा की दोष माना जाता है इसलिए स्त्रीयां आगंन में अप्सरा की सबाह का गीत गाते हुए अपसरा को संतुष्ट करते हैं। उसी प्रकार सुवचनी देवी को भी बीमार, अशान्ति निवारण करने के लिए गीत द्वारा स्तुति किया जाता है। इस प्रकार असमीया नारी समाज में इस देवीओं को महामाया या देवी दुर्गा की रूप मानते हुए स्तुति करते हैं।

इस प्रकार की अनुष्ठान में स्त्री समाज में गाती हुई गीतों में नारी सुलभ कमनीयता, सरल विश्वास का परिचय मिलता है। देवी को माँ की रूप में बड़ी ही आन्तरिकता से श्रद्धा पूर्वक भक्ति भाव से गीत के माध्यम से अभिव्यक्ति करते हैं। भाषा की सरलता, सहजता, सहानुभूति, आन्तरिकता इस गीत की खास विशेषता है। अगर अनुभव की आंतरिकता और प्रकाश भंगी की स्वच्छता कविता की कसौटी माना जाय तो असमीया स्त्रीयों द्वारा गायी जाने वाली इन मौखिक रचना देवी–के–सामने की गई आत्म निवेदन की पद को श्रेष्ठ पद्य के रूप में दावा किया जा सकता है। आइ यानी स्त्रियां देवी को जो कुछ पार्थिव भेद करना चाहते है वह अपवित्र है इसलिये– सुबह–शाम नाम–पूजा से ही पूजने के लिए भगवती आइ के चरण में आनु आकुंठ आत्मनिवेदन किया है–

'जि वस्तु दिओ मातृ सेई वस्तु चुवा। आपोनार नामे मातृ आपुनि सन्तोष होवा।'[4]

बियानाम :–

असमीया शादी अनुष्ठान में विभिन्न क्रम या अवस्थाओं में स्त्रीयों द्वारा गायी जाने वाली गीत असमीया लोक साहित्य का अमुल्य सम्पद है। दुल्हा को स्वागत करने के अवसर पर, उन्हे होम (हवन) के सामने बिठाने के अवसर पर, जल उठाते समय, नहाने के अवसर पर, दुल्हन निकालने के अवसर पर स्त्रीया अलग–अलग गीत विभिन्न समय में गाते हैं। दाम्पत्य जीवन की–आदर्श, दुल्हा–दुल्हन की सौन्दर्य, घर से निकालती हुए दुल्हन की विच्छेद की करुणा, नारी–जीवन की आशा–आकांक्षा, घरेलु जीवन का सुन्दर चित्र इन बिया नामों में प्रकट होता है। बियानाम की एक प्रकार रुचिपूर्ण और गहीणता से भरा हुआ है। इन गीतों में राम–सीता, कृष्ण–रुक्मणी, ऊषा–अनिरुद्ध आदि पौराणिक चरित्रों को दुल्हा–दुल्हण पर आरोप करते–हुए स्त्रीयां सुर की एक गहीन परिवेश शुरु करते हैं। इन गीतों में कुमार हरण, रुक्मिणी हरण आदि कथाओं का वर्णन का प्रभाव भी दिखाई पड़ता है। इसके अतिरिक्त बिया नाम में रचना की सरलता, कल्पना की कमनीयता, उपमा की मनोहारिता, गृहस्थी जीवन की प्रांजल चित्र, स्थान–स्थान पर कौतुक, हास्यरस की चित्रण आसन्न विच्छेद की करुणता को ओस की बुंद में भीगा हुआ शेवाली (रातराणी) फूल की तरह उज्जल बना दिया है। बिया नाम की यह सुन्दरता किस प्रकार उपस्थापन होता है उसका एक सुन्दर चित्र देखिए –

'आमार आइति, निचेइ कुमलीया येन कलपातर थुरि।
आटिब नेजाने ककालर काचुति, मेलिब नेजाने चुलि।
इ बोले आईदेउ, सि बोले आई देउ, आईदेउ तियहर जालि।
आई देउर चुलि तारि मेघत कैउ चमत्कार वंशीबादन र चुलि।'[5]

गोवालपार प्यारा अंचल में प्रचलित बियानाम की वैचित्र उल्लेखनीय है। इस जगह की बियानाम को योरानाम कहा जाता है।

निचले असम (यानी गुवाहाटी से धुबुरी तक) में इस प्रकार की गीत को खिचा गीत माना जाता है। इस

प्रकार की बिया नाम में गीति मयता कम और, वर्णना कौतुक पूर्ण है। दुल्हा के पक्ष या दुल्हिन के पक्ष को चिढ़ाते हुए गायी जाती है। बियानाम गृहस्थी जीवन में कितना प्रभाव डालती है उसका एक उदहारण देखिए –

'चाउल चालिबर रूपही चालनी बहि जारिबर कुला।
जीयरीर धनेरे किनो दौल बान्धिबा उरि याब शिमलु तुला।
आये चाउल चाले चालनी नुधुरे
बोपाये तामोल काट सरू
सरूटु भायेके धरम बिया दिले
लगत निदिले गरू।'

अन्यान्य अनुष्ठान का गीत :-

मेंढक के शादी का गीत, मच्छर भगाने की गीत, उपनयन की गीत, शास्त्रीय अनुष्ठान में गाती हुई गीत, गोवालपारा का काति पूजा की गीत, बाथै पूजा की गीत, मनसा पूजा की गीत, होली गीत, आदि विभिन्न अनुष्ठान के साथ जुड़ा हुआ नाना प्रकार की गीत असमीया लोकजीवन में प्रचलित है। लोक गीत में विशेष स्थानीय लोकचार और भाषा का प्रभाव पड़ने पर भी अनुष्ठान के भावों की एकरुपता, प्रकाश भंगिमा.....सुखा वातावरण की कमी करने के लिए वारिश की कामना से मेंढक की शादी रचाकर गीत गायी जाती है।

अगहन की महीने में के पूर्णिमासी में हाथ में लाठी लेकर हर घर में जाकर गो चराने वाला लड़का मच्छर भगाने की गीत गाते हैं। ये कामरूप, बरपेटा नलवाड़ी आदि अंचल की एक परंपरा है जिसमें लोक मंगल की कामना से गीत गाते हैं। गोवाल पारा में कार्तिक महीने में बाँस पूजा में बाँस को मदन का प्रतीक के रुम में लेकर उसके चारों ओर घुमते हुए बाँस पूजा की गीत गाते हैं। ये सब असमीय लोक जीवन, कृषि जीवन और समाज का विश्वास, संस्कार, आचार–व्यवहार और धर्मीय भावनाओं के प्रतिफलन है।

विविध विषयक गीत :-

विविध विषयका गीत के अतंर्गत असमीया लोकगीतों में से निचुकनी गीत, नाउ खेला गीत, नाङली गीत, चार पुराणर गीत, बरखी बोवार गीत, चटका गीत, जुना गीत, गरखीया गीत, हाथी–माउत की गीत आदि अनेक प्रकार के गीत असम के विभिन्न अंचल में प्रचलित है।

निचुकनि गीत मूलतः अपने बच्चों को दुलारते समय माँ के मुह से निकलने वाली गीत है। जिसको धाइ नाम भी कहते हैं। यह गीत कोमलता से भरा हुआ इन शिशुमन को एक स्वप्नलोक में ले जाते हैं। उदाहरण–

'आमारे मइना शुब ए
बारिरे बगरी खाब ए
बारिरे बगरी पकि सरि जाब
आमारे मइनाइ बुटलि खाब।'

क्षन में ही बैर की पैड़ लगाकर उसकी फल खाने की सुन्दर वर्णन जहां पर समय की व्यवधान नहीं है, जो चाहता है वहीं मिल जाता है। कारण बालक मन युक्ति की सूत्य पकड़कर नहीं चलते। इसलिए ये गीत की कथा भी युक्ति पर प्रतिष्ठित नहीं है। सूर्य–चन्द यहां की गीतों में शिशु के साथ बात करते हैं, यहां लोमड़ी के शिर पर फुल खिलते है, जोनबाइ अर्थात चन्दमा इस गीत में बच्चों को झोला चिलने के लिए सूई देती है, मेंढक

अपने मा–बाप की वृत्ति न छोडकर फूल खिलने नहीं देते है। कोमल मन की असंलग्न होते हुए भी शिशु के मन में हर वस्तु जीवन्त है, उसके जीवन स्वप्नों से भरा हुआ है जिसमें असंलग्न कुछ भी नहीं है। कल्पना प्रवण, विश्वास प्रवण शिशु मन के साथ मिलकर इस प्रकार की गीत रचना किया गया है।

गोवालपारा अंचल में विविध प्रकार की–लोकगीत प्रचलित है जिनमें से बांसपूजा का गीत, हुकुम देउ पूजा का गीत, आदि इस प्रकार की लोकानुष्ठान सम्बंधित गीत, हस्ती सम्पर्कीय गीत, प्रणय मूलक गीत गोवालपारा लोक परंपरा में प्रचलित है। जिसमें गोवालपारा के आंचलिक भाषा का प्रभाव स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त कई प्रकार के बारहमासी गीत भी प्रचलित है। मैषाली या मैघाली गीत एक अन्य प्रकार की करुण रस युक्त है। इन सब गीत के प्रायः सभी में प्रतिध्वनित हुआ है। प्रेमिक प्रेमिका तथा नारी की असम्पूर्ण काम–वासना तथा अपने प्रिय जनों को मिलने की कामना वासना। कुछ अनुठा विधवा नारी की पुरुष संग प्राप्ति की गुप्त कामना की मुक्त प्रकाश इन गीतों में पायी जाती है। हस्ती–कन्या या हस्ती माउत के गीत में से कुछ पंक्ति इस प्रकार है–

'बालु तिल तिल पक्षी कान्दे बालुते परिया
गौपरीया माहुत कान्दे ओ
(सखी) घर बारी छाड़िया सखी ओ)
आई छाड़िलं, वाई छाड़िलं, छाड़िलं सोनार पूरी
बिया करियाँ छाड़िलं, आईलं ओ
सखी अन्य बयखी नारी सखी ओ
ओं दताल हाथी माहुत रे।'

इन गीतों को दो श्रेणी में विभाजित किया जाता है। भाखान और चटका। भाखान गान लम्बी सुर और रस करुण है। प्रणय मुलक इस श्रेणी के गीतो में वासना और न मिलने की वेदना पायी जाती है। चतका गीत की विषय लघु और प्रकाश भंगीमा की चपलता लक्ष्य किया जाता है। ज्यादातर क्षेत्र में ये गीत हास्य रस से युक्त होता है।

Moreover, he knows his limits. India lacks capital, know- how and technology. India can kill two birds with one stone by implementing its neutrality policy. Surprisingly, India has the best of both worlds. Also, India sought help from the Soviet Union and the USA, which went well for India. Additionally, the United States produced rice during the famine of 1965.

Economic Development :

Economic development of India over the years, India has emerged as one of the most developed economies in the world using advanced technology and solutions. New challenges to become a global leader in business, technology and digital innovation. India's economic growth has been driven by advances in science and technology, investments in infrastructure and human capital, and increased foreign investment.

Social and Political Reforms :

Today's social and political reforms in India have given rise to new entrepreneurs, innovators, thinkers and citizens around the world. Indian democracy remains strong, powerful and inclusive and is accepted by all sections of Indian society. The country has introduced many laws and initiatives to provide equal rights to all citizens regardless of sex and gender. These laws lead to the emergence of democracy and integration.

Cultural Exchange :

India has a long history of cultural exchange with the rest of the world, especially Asia, and its cultural influences include Jainism, Buddhism, Hinduism, Sikhism, etc. It is expressed through religious beliefs such as. Many religions that emerged outside the Indian subcontinent (Islam, Christianity, Judaism, Zoroastrianism, Baha'i Faith) have followers in India. Indian culture was spread abroad by itinerant traders, philosophers and foreigners.

Army :

The Indian Army plays an important role in combating terrorism and maintaining law and order in the Kashmir region. India has also participated in United Nations security operations on multiple occasions and is currently the largest contributor to United Nations peacekeeping forces and the second largest contributor to the United Nations Democracy Fund after the United States.

India was one of the founders of the Non-Aligned Movement and had good relations with Western countries such as the Soviet Union. It played a regional role in South Asian affairs such as the Bangladesh War of Liberation and the use of Indian peacekeeping forces in Sri Lanka. India played at that time an important role in the development of relations between African and Asian countries. India is a leading member of the Commonwealth and the WTO. The growth of economic activities in the West and Asia is affecting India's way of thinking, gradually moving it away from integration with

the global economy. New Delhi is also seen as slow, cautious and often reluctant to take on the role unknown to Beijing in one of Asia's two main political seats. In the long run, some thinkers from the subcontinent are also considering the creation of a free trade zone, or even a South Asian version of a union, where South Asian countries would abandon all past struggles and go big. Kettle. – Subcontinental phenomenon. India has established good relations with world powers such as England, European Union, Japan, Russia and the USA. It also has good relations with the African Union (especially South Africa), the Arab world, Southeast Asia, Israel and South American countries (especially Brazil). India's image among Western countries improved significantly and it signed a civil nuclear agreement with the United States in March 2006. India's role in maintaining global peace and stability in the Indo-Pacific region is becoming increasingly important. India is investing in its relations with China to create a conducive environment for economic growth. He also promised to develop good relations with Pakistan.

- India is one of the largest countries in the world.
- India has become a major player in the world economy and politics.
- India's young population, increased trade and growth in foreign direct investment are the drivers of growth.
- India's digital infrastructure continues.
- India's main export industries are pharmaceuticals, automobiles, textiles and clothing, IT services and software, and diamonds and jewellery.
- The government implemented various reforms to promote India as an economic power.
- Indian Defence Force is the most powerful in the world with advanced weapons and technology.
- India's space program is one of the most ambitious and advanced programs in the world.
- India has always had good relations with major powers.
- India has some of the best universities, business schools and research institutes.

Relations between India and the United States :

India and the United States, two of the world's largest democracies, have much in common. Beginning Episode during the Cold War, America's attitude was hostile and against Indian occupation Aid from the Soviet Union. This suspicion was further increased when India created the Bad Partnership the United States side declares that those who are not with us are soldiers against us. Relations between India and the United States. There have been many ups and downs in the relations between the two great countries of the world. Until In 1960, India took a hostile attitude towards the USA and relations between the two countries began in real terms. Was created and strengthened under the leadership of Rajiv Gandhi. The INDO-US Civil Signature during Manmohan Singh's tenure as Prime

Minister. The nuclear agreement signed in 2012 created new relations, and the visits of the leaders strengthened the relations between the two countries. Indicates a new era in relations. The Narendra Modi government has taken this to the next level Signed many military and economic agreements with the United States.

In general, the trend in relations with the United States has been on the rise over the last few years. There have been some resentments in the relations between the two countries since. United States of America gives India defence partner status, putting India on equal footing with NATO allies. There is one in India Section. The growing importance of the United States is based not only on trade but also on the needs of the United States. India plays a role in balancing China in Asia. USA expects India to cooperate, India's cooperation with the USA, Japan, Australia and other countries in the region to work in cyber security services Pacific covers issues such as maritime security, freedom of navigation, piracy and disaster Administration. The unstated goal is to ensure that Chinese expansion flourishes, especially in China. South China Sea, China is carrying out construction work on disputed islands. In short, India-US relations have improved recently, leading to many visits. Despite The United States, with its historical baggage, is not considered an "intervening party"4 India. One reason for this may be the presence of a non-Congress government in New Delhi. India is considered Harassment words. China is also seen as a reliable and capable partner in Asia if US relations deteriorate and China.

India-Russia Relations :

Relations continue to develop and strengthen based on five important points :

Similar political views and similar views : Do India and Russia share the same worldview?

Intensive Military-Technical Cooperation : Defence cooperation between the two countries has been strengthened.

Strong Economic Ties : Relations between India and Russia have always been strong.

Deep technological cooperation : India and Russia have significant cooperation in science and technology.

Cultural Exchanges : The relationship between the people of India and Russia is characterized by cultural exchange and mutual understanding. Level of political dialogue BRICS Summit and SCO Summit: Provide a platform for bilateral discussions and discuss regional issues.

Regular high-level interaction : India and Russia through the International Trade, Industry, Science, Cooperation and Culture Committee (IRIGC -TEC) and Military-Technical Cooperation Committee (IRIGC-MTC).

Visible defence agreement : India should enter into a visible, effective defence trade

agreement with Russia and maintain close military ties.

Participation in the Eurasian Economic Union : India's accession to the Eurasian Economic Union has the potential to benefit all members of the bloc.

Establishment of rupee-rubble payment system : A new rupee-rubble payment system should be established to promote business in local currency, circumvent US sanctions and increase competitiveness.

Promotion of trilateral cooperation : Joint cooperation between Russia, China and India (RIC) should be encouraged to reduce trust between India and China. Stabilizing Afghanistan: India and Russia should work together to ensure stability and security in Afghanistan through an "Afghan-led, Afghan-owned" peace process. Seize the opportunity in the defence industry: Russia should seize the opportunity to become a major player in the Indian defence industry within the scope of the "Make in India" initiative. India and Russia have a long-standing relationship that is important to India's economy, power and regional interests. Improving this relationship and coming up with a new idea for the "special relationship" are goals that both parties should go out and pursue with pleasure.

India- UK Relations :

India's system of government is similar as British Parliamentary system. However, it was never a copy of the British system and differed in the following points : In, India received a republic to replace the British Empire. So, in India, the head of state (i.e. president) is elected, while in England the head of state (i.e. king or queen) prefers the former position. The British system is based on the principle of parliamentary sovereignty whereas the Indian Parliament is not the best and is willing to limit and limit powers due to its written constitution, federal system, judicial review and important rules. In the United Kingdom, the Prime Minister must be a member of the Parliament's Executive Committee (Ministry of Labour). In India, the Prime Minister can be a member of both houses of Parliament. In England, only MPs are generally elected to parliament. In India, non-members of parliament can also be appointed as ministers, but the maximum tenure is six months.

There is a system of civil liability in the United Kingdom, but no such system in India. Unlike Britain, leaders in India do not need to challenge the work of the head of state. The "shadow cabinet" is a special organization in the British cabinet system. It was created by the opposition in an attempt to balance the ruling party and organize future party members. There is no such school in India. As stated by the Defence and Security Council, India is an important partner of the UK in the Indo-Pacific region in terms of both trade and defence. Cooperation was signed between India and the UK in 2017. 2015. For the UK, a successful trade deal with India would support its ambitions for a "British world" as it aims to expand its business beyond Europe since Brexit. The United Kingdom

has sought to seize the opportunity for economic growth in the Indo-Pacific region to consolidate its position on the international stage as a major player in the world. England will be able to achieve this better through bilateral relations with India. For India: It is a regional power in the Indo-Pacific region as it has military bases in Britain, Oman, Singapore, Bahrain, Kenya and the British Indian Ocean Territory. The UK also confirmed that the UK International Investment Corporation will provide US$70 million to support the use of renewable energy in India; this will help build renewable energy and build solar power in the region. In addition to the tariff agreement on labour-intensive exports, India also wants trade facilitation for Indian fisheries, pharmaceuticals and agricultural products.

Conclusion :

India has made remarkable progress since its independence in 1947 and has become an important model for developing countries. China's efforts to manage economic development have been successful, and remarkable achievements have been achieved in the economic, social, and political fields. This beautiful country embodies a variety of cultures and values ??that make it one of the most unique and prosperous countries in the world. A new and controversial idea in the region, debated in the West in the early 21st century, is whether India should be trusted/helped to become an independent world citizen, a balancer of the responsive and powerful but not independent. , to make the world more stable. In general terms, this issue is discussed in the context of the foreign policy adopted by the USA. As the global landscape changes, the US's Indo-Pacific strategy supports India's rise and leadership in the region. India has everything it needs to become a superpower, but there are still some problems Article Roads to be crossed. The government's latest steps such as demonetization have also been taken Enactment of the Benaim Transaction Act shows the interest and attitude of the government Article Promote the development of India and make it a world superpower. But it recently appeared good behaviour brought good prospects. Small changes in people's behaviour can lead to this there is still a long way to go to make India a superpower. Domestic commerce. For example, they should not bribe corrupt officials pay taxes, etc. to the state. They have to pay. These small changes in public opinion could play an important role in making India a world superpower.

References :

1. Abraham, Itty. From Bandung to Non-Alignment: Non-Alignment and Indian Foreign Policy, 1947-65. Political and Comparative Law 46.2 (2008).
2. Episode Bajpai, Kanti, Selina Ho and Manjari Chatterjee Miller, editors. Routledge Handbook of China-India Relations (Barckjohn, 2020).
3. Rajesh Basrur. Domestic Politics and India's Foreign Policy (University Press, 2023). ISBN 9781647122843

4. Budhwar, Prem K. et al. "India-Canada Relations: a Roller-Coaster Ride." Indian Foreign Affairs Journal 13.1 (2018): 1–50.
5. Essays by seven experts.online Archived 3 March 2019 at the Wayback Machine Chacko, Priya. Indian Foreign Policy: Post-Colonial Identity Politics, 1947-2004 (Routledge, 2013).
6. Cohen, Stephen P. and S. Dasgupta. Arming Without Aiming: India's Military Modernisation (2010) excerpt and text search Fonseca, Rena. "Nehru and the Diplomacy of Nonalignment." The Diplomats, 1939-1979 (Princeton University Press, 2019) pp. 371–397.
7. Ganguly, Sumit. "Has Modi changed India's foreign policy?" Washington March 40.2 (2017): 131-143.
8. G, A. Harold, The Southeast Asian Story: The Frist Sixty Years of U.S. Relations with India and Pakistan (SAGE Publications India, 2010).
9. Gupta, Surupa. India After Gandhi: The History of the World's Greatest Crime (2008).
10. India's Foreign Policy Under Modi: Rebranding or Repackaging? International Studies 20.1 (2019).
11. New Economic focus on the power of the International Monetary fund, Mmegi Online 26 October, 2007.

Email- ID: ravijaitammahendra@gmail.com

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
August 2025 Page No. : 147-149

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

भारत में महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधान

रामचन्द्र, शोधार्थी, रिचर्स स्कोलर
डॉ. अमिता, शोध पर्यवेक्षक, आचार्य (शिक्षा)
भगवन्त विश्वविद्यालय, अजमेर।

सारांश :-

यह प्रस्तुति भारत में महिलाओं के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करने वाले संवैधानिक प्रावधानों पर गहन चर्चा करेगी, उनके विकास का पता लगाएगी और प्रमुख चुनौतियों की खोज करेगी।

प्रस्तावना :-

भारत में महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधान ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और लैंगिक असमानता स्वतंत्रता–पूर्व – महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी तक सीमित पहुँच के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा।

स्वतंत्रता के बाद – संविधान का उद्देश्य विभिन्न प्रावधानों के माध्यम से समानता स्थापित करना और महिलाओं को सशक्त बनाना था। भारतीय संविधान महिलाओं सहित सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है।

महिलाओं के लिए मौलिक अधिकार :-

समानता का अधिकार – अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों के लिए कानून की समान सुरक्षा सुनिश्चित करता है, लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकता है।

स्वतंत्रता का अधिकार – अनुच्छेद 19 महिलाओं पर समान रूप से लागू होने वाली अभिव्यक्ति, सभा, संघ और आंदोलन की स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार – अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है, महिलाओं के लिए सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करता है।

शोषण के विरुद्ध अधिकार – अनुच्छेद 23 तस्करी और जबरन श्रम पर रोक लगाता है, महिलाओं को शोषण से बचाता है।

राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत :-

समान वेतन – अनुच्छेद 39(डी) समान काम के लिए समान वेतन, वेतन अंतर को संबोधित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का आदेश देता है।

बाल देखभाल सुविधाएँ – अनुच्छेद 42 राज्य को कामकाजी माताओं के लिए बाल देखभाल सुविधाएँ

प्रदान करने का निर्देश देता है, जिससे कार्यबल में भागीदारी को सुविधाजनक बनाया जा सके।

महिला स्वास्थ्य – अनुच्छेद 47 महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार के लिए राज्य की जिम्मेदारी पर जोर देता है।

शिक्षा और कल्याण – अनुच्छेद 45 लड़कियों सहित सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का आह्वान करता है, जिससे समान अवसर सुनिश्चित होते हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष कानून :–

दहेज निषेध अधिनियम – इस अधिनियम का उद्देश्य दहेज प्रथा और उससे जुड़ी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाना है, महिलाओं को वित्तीय दबाव से बचाना है।

घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम – यह कानून महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा को संबोधित करने, सुरक्षा और निवारण प्रदान करने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

महिलाओं का अभद्र चित्रण (निषेध) अधिनियम – यह कानून मीडिया और विज्ञापन में महिलाओं के अभद्र चित्रण को प्रतिबंधित करता है, उनकी गरिमा और छवि की रक्षा करता है।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम – यह अधिनियम अपने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करने वाली महिलाओं के लिए कानूनी निवारण प्रदान करता है, एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करता है।

सरकारी योजनाएँ और पहल :–

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ – यह कार्यक्रम लड़कियों की शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देता है, लैंगिक असंतुलन को दूर करता है और महिलाओं को सशक्त बनाता है।

उज्ज्वला योजना – यह योजना महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है, स्वच्छ ईंधन तक पहुँच में सुधार करती है और घरेलू वायु प्रदूषण को कम करती है।

महिला शक्ति केंद्र – ये केंद्र कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और उद्यमिता सहायता प्रदान करके महिलाओं को सशक्त बनाते हैं।

सुकन्या समृद्धि खाता – यह योजना लड़कियों की शिक्षा और विवाह के लिए बचत को प्रोत्साहित करती है, जिससे उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

कार्यान्वयन में चुनौतियाँ :–

सामाजिक मानदंड – गहरी जड़ें जमाए हुए पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक मानदंड महिलाओं के अधिकारों और समानता की पूर्ण प्राप्ति में बाधा डालते हैं।

न्याय तक पहुँच – जागरूकता, संसाधनों की कमी और कलंक के डर के कारण महिलाओं को अक्सर कानूनी सेवाओं तक पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

आर्थिक सशक्तिकरण – महिलाओं को आर्थिक अवसरों तक पहुँचने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

सुरक्षा और संरक्षण – महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक बड़ी चिंता बनी हुई है, जिसके लिए मजबूत कानूनी ढाँचे और प्रभावी प्रवर्तन तंत्र की आवश्यकता है।

भविष्य का रास्ता और सिफारिशें :-

शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण – लड़कियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता दें, आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व कौशल और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा दें।

कानूनी ढाँचे को लागू करें – मौजूदा कानूनों के कार्यान्वयन को मजबूत करें और महिलाओं के लिए प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खामियों को दूर करें।

सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा दें – जागरूकता अभियान, शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और मानदंडों को चुनौती दें।

सामूहिक प्रयास – अधिक न्यायसंगत समाज बनाने के लिए सरकार, नागरिक समाज और व्यक्तियों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करें।

निष्कर्ष :-

महिलाओं के प्रति कानूनी अधिकारों का विषय हमारे समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन अधिकारों ने महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, और सांस्कृतिक क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त किया है। महिलाओं के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा और प्रवर्तन से ही लैंगिक असमानता, हिंसा, भेदभाव और अन्याय जैसी समस्याओं का समाधान संभव हो पाता है। इसलिए, समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं के अधिकारों का सम्मान, जागरूकता, और कानूनी संरक्षण आवश्यक है ताकि वे स्वतंत्र, सुरक्षित, और गरिमामय जीवन जी सकें। महिलाओं के कानूनी अधिकार केवल उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लोकतांत्रिक और प्रगतिशील विकास के लिए एक बुनियादी आधार हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारती, अनिता (2005) उदियमान भारतीय समाज एवं शिक्षा : अग्रसेन शिक्षा प्रकाशन, जयपुर।
2. मीना, डॉ जनक सिह (2010) भारत में मानव अधिकार और महिलाऐं : राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
3. पाण्डेय, डॉ रामशकल (2009) शिक्षा के मूल सिद्धान्त : विनोद प्रस्तक मन्दिर, आगरा।
4. शर्मा, डॉ कालूराम, व्यास, डॉ प्रकाश (2004) भारतीय संस्कृति के मूल आधार : पंचशील प्रकाशन, जयपुर।
5. शर्मा, डॉ सरोज, (2007) उदियमान भारतीय समाज में शिक्षा : श्याम प्रकाशन, जयपुर।
6. सिंह, डॉ रामजी सिंह– शिक्षा : शान्ति का आधार।
7. भारतीय शोध पत्रिका (जुलाई– दिसम्बर 2007) : भारतीय शिक्षा शोध संस्थान, सरस्वती कुंज, निराला नगर, लखनऊ, अंक 2
8. पारीक, रमेश– फरवरी (2006) : शिविरा पत्रिका, पृ. सं. 11

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
August 2025 Page No. : 150-155

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

डॉ. सत्यनारायण के डायरी साहित्य में अस्तित्व की तलाश एवं जिजीविषा

डॉ. महेन्द्र सिंह, व्याख्याता
पीएम श्री नंदलाल जोशी रा.उ.मा.वि, मोही, राजसमंद (राज.)

आधुनिक गद्य साहित्य की नवीन विधाओं में डायरी लेखन भी हिंदी साहित्य को समृद्ध करने वाली एक प्रमुख विधा है। डायरी को हिंदी में दैनंदिनी, दैनिकी और रोजनामचा भी कहा जाता है। व्यक्ति जब प्रतिदिन की घटनाओं और स्वयं के अनुभवों को प्रभावी ढ़ंग से लिखता है तो उस रचना को डायरी कहते हैं। इस प्रकार नित्यप्रति के व्यक्तिगत अनुभवों एवं विचारों की लिखित रूप में अभिव्यक्ति ही डायरी है। डायरी साहित्य एक आत्मकथात्मक और भावप्रवण गद्य विधा है। डायरी का संबंध मुख्यतः एक व्यक्ति से होने के कारण इसमें निजी अनुभवों एवं वैयक्तिकता की प्रधानता होती है।

अपने लेखकीय अवदान के द्वारा राजस्थान के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सत्यनारायण आधुनिक हिंदी साहित्य की कथेतर विधाओं के अंतर्गत आने वाली डायरी विधा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। डॉ. सत्यनारायण ने अपने डायरी साहित्य में अपने दैनिक अनुभवों, भेंटवार्ताओं, स्थानों, घटनाओं आदि का विवरण प्रस्तुत करने के साथ ही अपने आत्मचिंतन एवं अपने भोगे हुए यथार्थ को भी लिपिबद्ध किया है। इन्होंने दीर्घकाल तक 'कथादेश' पत्रिका में 'यायावर की डायरी' नामक स्थायी स्तंभ में रिपोर्ताज लेखन किया। डॉ. सत्यनारायण का डायरी साहित्य अब तक कुल दो पुस्तकों के रूप में प्रकाशित हुआ है। यथा – 'तारीख की खंजड़ी' (2010 ई.) एवं 'दुःख किस काँधे पर' (2019 ई.)।

अपने संस्मरणों में भी इन्होंने अपनी डायरी का उल्लेख किया है कि– 'छोरी के मेरे अपने जीवन से जाने के बाद कई दिनों तक मैं बावला हुआ डोलता रहा। उन दिनों डायरी में कुछ न कुछ लिखता रहता था।'[1] इसी तरह अपने संस्मरणों में डॉ. सत्यनारायण ने 'लवलीन की डायरी', 'रघुजी की डायरी', 'हसन जमाल की डायरी' आदि का उल्लेख भी किया है।

डॉ. सत्यनारायण उन विरले साहित्यकारों में से एक है जिन्होंने 'साँच की आँच' में तपते हुए भी अपने लेखन को डायरी रूप में सार्वजनिक किया है। उनकी डायरी विधा की पहली प्रकाशित पुस्तक 'तारीख की खंजड़ी' अत्यंत सराही गई है। प्रभात ने 'तारीख की खंजड़ी' के अनुशीलन के बाद इसे स्वयं से संवाद का माध्यम और अनावश्यक सांसारिक झँझटों से मुक्ति का साधन स्वीकार किया है। वे 'तारीख की खंजड़ी' शीर्षक डायरी की साहित्यिक विशेषताओं को उजागर करने के क्रम में कहते हैं कि– 'इस डायरी को पढ़कर यह समझ

भी बनती है कि डायरी खुद से संवाद का माध्यम भी है। खुद से ऐसा संवाद जो इंसान को दुनिया के तमाम गैर–जरूरी पचड़ों में पड़ने से बचाता है। आत्म–संघर्ष में किसी हमसफर की तरह आपका साथ देता है। अपने आप से संवाद कई बार आपको गिरने से बचा लेता है। यह गहन संवाद एक आत्मीय की तरह आपको टूटने से बचा लेता है। टूटना कई बार ताकत दे जाता है, लेकिन कई बार इतना तोड़ जाता है कि उबरना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में डायरी एक नर्स की तरह आपको सम्हालती है।'[2] इस प्रकार डायरी व्यक्ति के मुश्किल समय में पारिवारिक सदस्य की तरह संबल प्रदान करने के साथ उसे जीवन की विविध समस्याओं का आत्मविश्वास पूर्वक मुकाबला करने की प्रेरणा देती है।

अपनी कुछ किताबों के शुरू में एवं कहीं–कहीं अपनी डायरी में भी डॉ. सत्यनारायण ने अपने समकालीन अथवा पूर्ववर्ती लेखकों के विचार उद्धृत किए हैं। फ्रांज काफ्का ने डायरी लेखन के जो लाभ बताए थे, डॉ. सत्यनारायण ने उनको भी अपनी डायरी में 'नोट' किया है– 'डायरी रखने से एक लाभ है कि हम अपने परिवर्तनों की यातनाओं से सही ढंग से परिचित हो लेते हैं। हमें डायरी में वे तमाम साक्ष्य भी मिल जाते हैं, जो हमें अपने उस समय की याद दिलाते हैं जब हमनें जीवन किन्हीं लिखने योग्य स्थितियों में जिया था। अपने पूर्व जीवन का डायरी के जरिए हम जायजा लेते हैं और उससे हमारे संघर्षों में निहित हमारे अज्ञान की परतें भी खुलती हैं।'[3] स्पष्ट है कि डायरी के द्वारा हम अपने पूर्व जीवन की घटनाओं एवं कार्यों का सिंहावलोकन एवं परीक्षण करते हुए अपने भविष्य के जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। इस प्रकार अपनी दोनों ही प्रकाशित डायरियों में डॉ. सत्यनारायण ने 'डायरी लेखन' की प्रवृत्ति पर महत्त्वपूर्ण 'टीप' लिखे हैं।

यह सामान्य धारणा है कि किसी लेखक के मूल भावों को पकड़ने में डायरी बहुत ही मददगार होती है। डॉ. सत्यनारायण की दृष्टि में 'डायरी लिखना अपनी खोह में दुःखों के साथ दुबकना होता है। 'रचना परख' में सम्मिलित विभिन्न आलेखों के अनुशीलन के आधार पर ज्ञात होता है कि – 'उनकी डायरी में उनके जीवन की गहरी पीड़ा दर्ज है जो उन्होंने बाहरी और भीतरी संसार से पाई है। अपनी कहानियों व रिपोर्ताजों में पात्रों से घिरे सत्यनारायण डायरी में नितांत अकेले, प्रेम के लिए जूझते हुए नजर आते हैं। उन्हीं के शब्दों में– प्रेम मेरे लिए कभी न खत्म होने वाली एक लंबी प्रार्थना की तरह रहा है।'[4] इस प्रकार 'प्रेम' डॉ. सत्यनारायण के लिए ईश्वरीय आराधना के समान है।

डॉ. सत्यनारायण की डायरी विधा पर केंद्रित पहली पुस्तक 'तारीख की खंजड़ी' (2010 ई.) को आर. के. शर्मा[5] ने 'एक बेचैन आत्मा का राग–विराग' की संज्ञा दी है तो प्रेमकुमार[6] ने इसे 'पीर की बाँसुरी' बताया है। रमेश खत्री[7] ने इसे 'अंतर्मन की पीड़ा का दस्तावेज' कहा है तो राजकुमार[8] ने इसे 'अपनी गवाही आप' की संज्ञा दी है। इस प्रकार 'रचना परख' में इस 'तारीख की खंजड़ी' नामक पुस्तक पर केंद्रित 10 समीक्षा आलेखों के अतिरिक्त डॉ. रमेश उपाध्याय[9] ने भी 'सत्यनारायण के रिपोर्ताज, डायरी और कहानियाँ' शीर्षक से अपने एक अंतर्विधापरक समीक्षा आलेख में उनके कथा साहित्य और कथेतर साहित्य में अंतर्संबंधों की ओर संकेत किया है। यह समीक्षा 'कथादेश' नवंबर, 2012 के अंक में प्रकाशित हो चुकी है।

इस प्रकार डॉ. सत्यनारायण की डायरी में अकेलेपन और व्यक्तिगत जीवन की तमाम त्रासदियों को उजागर करने वाले मार्मिक व्यथा भरे सूक्ष्म सूत्र उपलब्ध हैं। अपनी डायरी में उन्होंने पारिवारिक और सामाजिक

परिवेश का मर्मस्पर्शी सांकेतिक विवरण प्रस्तुत करने के साथ ही यथास्थान प्रेम के प्रति अपने व्यापक दृष्टिकोण का भी परिचय दिया है। इस डायरी में समाज के हाशिये के लोगों के प्रति संवेदना से परिपूर्ण लेखक अपने अस्तित्व की तलाश में जिजीविषा से डटे हुए साफ नजर आते हैं। इस प्रकार डॉ. सत्यनारायण के डायरी साहित्य का अनुशीलन करने के दौरान हम इन्हीं पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए आगे बढ़ेंगे।

अस्तित्व मानव केंद्रित दृष्टिकोण है। सभी विचार या चिंतन सिद्धांत व्यक्ति की चेतना के ही परिणाम हैं। सर्वप्रथम चिंतन करने वाला व्यक्ति अस्तित्व में आया, अतरू व्यक्ति अस्तित्व ही प्रमुख है। वैसे तो संसार में प्रायः पेड़–पौधे, पशु–पक्षी, जीव–जंतु आदि सभी का अस्तित्व होता है किंतु मनुष्य का अस्तित्व सर्वाधिक विचारणीय एवं स्वीकार्य है। व्यक्ति इस संसार में जन्म के बाद से ही विभिन्न सांसारिक परिस्थितियों के समक्ष निरंतर अपने आत्म–संघर्ष को जारी रखते हुए स्वयं को स्थापित करने का प्रयास करता है। अस्तित्व शब्द मनुष्य की सक्रियता तथा चलनात्मकता को भी संकेतित करता है। मनुष्य सदैव अपनी वर्तमान स्थिति एवं वर्तमान अस्मिता से उच्चतम सोपान की ओर उन्मुख एवं गतिशील रहता है। मानव जीवन का सार ही मानव का अस्तित्व है। अस्तित्व न केवल विचारधारा है अपितु यह मानवीय चिंतन एवं विकास की बौद्धिक संभावना है इस प्रकार व्यक्ति का अपने स्वत्व के अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए अपनी स्थिति की तलाश में जागरूक रहना ही 'अस्तित्व की तलाश' है।

डॉ. सत्यनारायण ने अपनी डायरी में कहीं पर भी 'अस्तित्व', 'वजूद' अथवा 'एक्जिस्टेंस' जैसे साहित्य–जगत् में प्रयुक्त होने वाले जटिल शब्दों का उपयोग नहीं किया है। फिर भी डायरी में समय–समय पर लिखी गई उनकी 'टीप' (नोट्स) में वे अपने अस्तित्व की तलाश करते नजर आ जाते हैं।

'तारीख की खंजड़ी' से ऐसी ही एक 'टीप' यहाँ प्रस्तुत करने योग्य है जिसमें 17 मार्च, 1998 को लेखक कहते हैं कि– 'मैं चाहता था, वह मेरी सब सुनें। कुछ ऐसी, जो मैं अब तक नहीं कह पाया। मैं चाहता था उसके पास बैठकर रोऊँ, जो अब तक नहीं रो पाया। मैं चाहता था यहाँ से इस तरह जाऊँ कि कभी लौटकर नहीं आना पड़े। मैं चाहता था उसके सामने इस तरह चिल्लाऊँ, जो जंगल में कभी अकेले नहीं चिल्ला सका। मैं चाहता था उसके पास एक बच्चे की तरह बिलखूँ। मैं चाहता था .....मैं चाहता था .....पर मैं चाहता ही रह गया।'[10] यहाँ लेखक ने अपने अस्तित्व को लेकर मन मे उठ रहे अंर्तद्वंद्व एवं प्रेम की पीड़ा को व्यक्त किया है।

गाँव और शहर के बीच अपने समूचे 'वजूद' को खो देने वाले डॉ. सत्यनारायण ने स्वयं को 'नो मेंस लैंड' पर खड़ा मानते हुए 9 जनवरी, 1998 को अपने डायरी की एक 'टीप' में अपने 'वजूद' को लेकर हुए मोहभंग के विषय में लिखा हैं– 'मैं कही का नहीं हो पाया। न शहर का, न गाँव का। एक जंगल से दूसरे जंगल। गाँव लौटने के रास्ते अब बंद हो चुके हैं जबकि आज भी सपने मुझे उसी के आते हैं और यहाँ शहर में? किसी ने दरवाजा तो दूर खिड़की खोलकर किसी ने झाला भी नहीं दिया कि थोड़ी देर सुस्ता सकूँ। जब भी अपनी तरफ किसी हाथ को झाला समझा और नजदीक गया तो पता चला, वह मेरे लिए नहीं था। न आगे जा सकता था और न वापस लौट सकता था। शायद इसीलिए मैं नो मैंस लैंड पर खड़ा हूँ, जिसे कोई अपनाने को तैयार नहीं।'[11] यहाँ गाँव एवं शहर के बीच अपने अस्तित्व को लेकर किसी निर्णय पर नहीं पहुँच पाने या अनिर्णय की स्थिति लेखक के हृदय को उद्वेलित करती हुई जान पड़ती है।

15 अगस्त, 1997, गाँव– 'आज सुबह से बादल छाए हुए थे। शाम को वे एकाएक इतने छा गए कि अँधेरा–सा हो गया। फिर बरसे तो जैसे फट पड़े लेकिन एक घंटे बाद एकदम खाली। नदी की तरफ गया। वह बह रही थी, बिना किनारों की परवाह किए, उन्हें तोड़ती–फोड़ती। मेढ़कों की टर्र–टर्र। मन को भीतर तक भिगो देने वाली आवाजें। सब जैसे एक स्वर में बरसात का स्वागत कर रहे हों। किसी का दूसरे के जीवन में कोई दखल नहीं। मैं देर तक रोकता रहता हूँ मेरे अपने बोल। मैं भी जोर से चिल्लाता हूँ। इन्हीं के बीच एक रामरोला।'[12] इससे स्पष्ट है कि लेखक का अकेलापन उनके जीवन की सभी स्थितियों को प्रभावित कर रहा है। यह अकेलापन ही उनके अस्तित्व को बार–बार चुनौती दे रहा है।

इस तरह डॉ. सत्यनारायण ने इस स्वार्थ भरी दुनिया में अपने नितांत अकेलेपन को दूर करने में प्रकृति के साहचर्य को महत्त्व दिया है। हालाँकि जीवनयापन के लिए धौलपुर, जयपुर एवं जोधपुर में नौकरी करते हुए उन्होंने जो कुछ भी कमाया, उसमें से अधिकांश हिस्सा भाई–बहनों के खरचों–करजों में चुका दिया और आज स्वयं सीमित पेंशन पर जीवन जीने को विवश हैं।

डॉ. सत्यनारायण जब 'साठ पार' होकर सेवानिवृत्त होने के कगार पर थे, तब भी उनकी अपने अस्तित्व की तलाश अभी जारी थी। उनको रघुजी की सलाह याद आती है कि– 'यहाँ (जोधपुर में) एक मकान कसवा लो।' परंतु सरलहृदयी डॉ. सत्यनारायण ने अधिकांश कमाई अपने भाइयों के खरचे–करजे चुकाने में ही बिता दी। अब वे परिजनों के द्वारा ही निर्वासित हैं। उनकी यह ऊहापोह डायरी के इस अंश में स्पष्ट है– 'लोग पूछते हैं साठ के बाद क्या करोगे? मैं कहता हूँ जी पाया तो देखूँगा। सामान तो कुछ है नहीं, पर इस काया को पटकूँगा। जयपुर या जोधपुर या ... । ... क्या यही नरक नहीं है कि आपका अपना आपा भी आप तय नहीं कर पाते।'[13] इससे स्पष्ट है कि परिजनों द्वारा निर्वासित किए जाने से भी डॉ. सत्यनारायण के हृदय में अस्तित्व तलाश की पीड़ा का जन्म हुआ है। इस प्रकार डॉ. सत्यनारायण ने विभिन्न तिथियों पर बेतरतीब ढंग से अपनी डायरी में स्वयं द्वारा लिखी हुई टिप्पणियों के माध्यम से अपने अस्तित्व की तलाश के लिए की गई संघर्ष यात्रा पर प्रकाश डाला है।

जिजीविषा का शाब्दिक अर्थ है– जीवन जीने की इच्छा। मनुष्य अपने जीवन में निष्ठा पूर्वक प्रबल इच्छा शक्ति को जगाए रखे या जीवन के प्रति रागात्मकता को उत्पन्न करे, तभी उसका जीवन जीने योग्य बनता है। जीवन तो सबको मिलता है लेकिन जीवन जीने की कला सबके पास नहीं होती। इस प्रकार जिजीविषा का विस्तृत अर्थ होगा–सुखमय जीवन जीने की प्रबल इच्छा। यह तभी संभव है जब व्यक्ति के मन में प्रेम का भाव हो, लोगों के प्रति आत्मीयता एवं अपनत्व की भावना हो और लोगों को अपना बनाकर चलने की कला हो।

डॉ. सत्यनारायण की डायरी विधा की दोनों ही रचनाओं के गहन अनुशीलन के उपरांत यह बात तो साफ नजर आती है कि उनके जीवन में से 'माँ' और 'उर्मि' दोनों के ही निकल जाने पर भी कतिपय अनुरागी सरलहृदयी साहित्यकार मित्रों के बल पर वे जैसे–तैसे इस जीवन को आगे तक जी पाए हैं। समय–समय पर उनके करीबी मित्र भी एक–एक कर क्रूर काल के कराल हाथों में समाहित होते गए और डॉ. सत्यनारायण के चेहरे पर चिंता की लकीरें बढ़ती हुई झुर्रियों में तब्दील होती रही फिर भी उनके हृदय में जीवन को जीने की यह अदम्य जिजीविषा आज भी विद्यमान है।

उन्होंने अपनी डायरी में मित्रों के अपार स्नेह का उल्लेख किया है। 04 मार्च, 2016 को बीमार मित्र रामानंद राठी से मिलने गए तो उसने भी असीम 'जिजीविषा' का परिचय दिया– 'महीनों पहले जब एक बीमारी न जाने किस रंध्र से उसके (रामानंद राठी) शरीर में घुसी और खोखला कर दिया। पता चलते ही उसके पास गया। वही पहले–सी हँसी पर बहुत जर्जर। ...थकी काया के बावजूद वह बस स्टैंड तक छोड़ने आया। मेरे दोनों हाथ पकड़ते हुए उसने कहा, चिंता मत कर मैं हूँ न। बस में बैठा मैं देर तक सोचता रहा। आखिर क्या है यह आदमी ? जिजीविषा? यह आत्मविश्वास? एक हमसफीर, एक फकीर या कोने में अकेला तापता जोगी।'[14] लेखक के अनुसार जीवन जीने के लिए आत्मविश्वास या आत्मबल आवश्यक है। जीवन की समस्याओं से संघर्ष करने का यह आत्मबल ही जिजीविषा को उत्पन्न करता है। व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक सरोकारों को पूरा करने के लिए उसमें जिजीविषा का होना आवश्यक है।

अपने गाँव में 16 अगस्त, 1995 को प्रकृति से ही जुड़ी गाँव की पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए उन्होंने अपनी डायरी की एक 'टीप' में लिखा हैं कि– 'दरख्त मुझे बहुत अच्छे लगते हैं। घने और छायादार पेड़ देखते ही मैं पुलकित हो उठता हूँ। स्कूल के रास्ते में आते वे तमाम दरख्त अब भी वैसे ही खड़े हैं। पक्षियों की बीटों से लदी डालियाँ। गोबर से भरी उनके नीचे की जमीन। जड़ों पर झूलते उधमी बच्चे। आज जब अपनी ढाणी से गाँव गया तो रास्ते में खड़े उन पेड़ों के नीचे देर तक बैठा रहा। अतीत की समूची गंध नथुनों में समा गई। मैं जिनको बहुत चाहता हूँ या जिनकी स्मृतियाँ मुझे टीसती हैं, मैं अक्सर उनसे बचता हूँ। शायद इसीलिए मैं गाँव बहुत कम आता हूँ, ताकि एक सपने की तरह वे मेरे भीतर जस की तस जीवित रहें।'[15]

इस प्रकार डायरी में अन्यत्र भी डॉ. सत्यनारायण ने अपनी और अपने पात्रों की अदम्य 'जिजीविषा' की ओर संकेत किए हैं। डॉ. सत्यनारायण की कहानियों में जिस प्रकार प्रकृति–प्रेम के उदाहरण मिलते हैं, उसी प्रकार उनकी डायरी में भी गाँव के चरागाह, नदी–तट, टीले, जंगल, पेड़–पौधे, पशु–पक्षी, गाय–भैंस, ऊँट आदि ढ़ोर–डाँगर, बादल, लू, आँधी इत्यादि प्राकृतिक उपादानों का प्राचुर्य है। इन सभी प्राकृतिक उपादानों के माध्यम से भी उनकी 'जिजीविषा' झलकती है।

संदर्भ :–

1. सत्यनारायण : यादों का घर, बोधि प्रकाशन, जयपुर, 2015, पृ. 122
2. प्रभात (सं.) : राजस्थान साहित्यकार प्रस्तुति – 94 : डॉ. सत्यनारायण, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर, 2014, पृ. 28
3. वही, पृ. 28
4. मंदाकिनी शेखावत (सं.) : रचना परख, रॉयल पब्लिकेशन, जोधपुर, 2022, भूमिका, पृ. 4
5. वही, पृ. 221
6. वही, पृ. 226
7. वही, पृ. 243
8. वही, पृ. 246
9. वही, भूमिका, पृ. 145

10. सत्यनारायण : तारीख की खंजड़ी, बोधि प्रकाशन, जयपुर, 2010, पृ. 88
11. वही, पृ. 82
12. वही, पृ. 71
13. सत्यनारायण : दुःख किस काँधे पर, बोधि प्रकाशन, जयपुर, 2019, पृ. 64
14. वही, पृ. 101
15. सत्यनारायण : तारीख की खंजड़ी, बोधि प्रकाशन, जयपुर, 2010, पृ. 30

ईमेल – mhendrasingh660@gmail.com
मो नं. – 9079664461
पता – गाँव/पोस्ट – घेनड़ी, वाया – खिंवाड़ा
तह– रानी, जिला – पाली (राज.) 306502

www.bohalshodhmanjusha.com
Impact Factor : 8.642

Bohal Shodh Manjusha ISSN : 2395-7115
August 2025 Page No. : 156-159

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES RESEARCH JOURNAL

मानव वन्य जीव सह-अस्तित्व एवं संघर्ष

डॉ. नीरज कारगवाल

सह आचार्य भूगोल, राजकीय महाविद्यालय, बीबीरानी, अलवर।

परिचय :-

पृथ्वी केवल मनुष्यों का ही घर नहीं है, बल्कि असंख्य जीव–जंतुओं और वनस्पतियों का भी निवास स्थान है। सदियों से मानव और वन्यजीव एक–दूसरे के साथ रहते आए हैं। यह संबंध कभी सामंजस्यपूर्ण रहा है तो कभी संघर्षपूर्ण। हाल के दशकों में, यह संघर्ष चिंताजनक रूप से बढ़ा है, जो न केवल मानव जीवन और आजीविका के लिए खतरा बन गया है, बल्कि वन्यजीवों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस जटिल मुद्दे को समझने और इसका समाधान खोजने के लिए मानव–वन्यजीव संघर्ष के कारणों, परिणामों और सह–अस्तित्व की संभावनाओं पर गहराई से विचार करना आवश्यक है। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर के अनुसार, मानव–वन्यजीव संघर्ष को ''मनुष्यों और वन्यजीवों के बीच किसी भी तरह की अंतःक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मानव सामाजिक, आर्थिक या सांस्कृतिक जीवन, वन्यजीव आबादी के संरक्षण या पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है''। यह संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब वन्यजीवों की उपस्थिति या उनका व्यवहार मानव हितों के लिए खतरा बन जाता है, जिससे लोगों, जानवरों, संसाधनों और आवासों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते कारण :-

मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते संघर्ष के पीछे कई जटिल और एक–दूसरे से जुड़े हुए कारण हैं। इनमें से प्रमुख कारण मानवीय गतिविधियों का विस्तार और प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन है।

- **प्राकृतिक आवासों का विनाश और विखंडन :** बढ़ती मानव जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृषि, औद्योगीकरण, शहरीकरण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (जैसे सड़क, रेल नेटवर्क) का तेजी से विस्तार हो रहा है। इसके कारण वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, जिससे वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास सिकुड़ रहे हैं और खंडित हो रहे हैं। आवास की हानि वन्यजीवों को भोजन और पानी की तलाश में मानव बस्तियों और कृषि क्षेत्रों की ओर आने के लिए मजबूर करती है, जिससे संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में लगभग तीस प्रतिशत बाघों का क्षेत्र– संरक्षित क्षेत्रों से बाहर है।
- **वन्यजीव गलियारों का अवरुद्ध होना :** वन्यजीव गलियारे वे प्राकृतिक रास्ते होते हैं जिनका उपयोग जानवर एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए करते हैं। सड़कों, रेलवे लाइनों, नहरों और अन्य विकास परियोजनाओं के निर्माण से ये गलियारे अवरुद्ध हो गए हैं। इससे जानवरों की आवाजाही बाधित होती है और

वे अक्सर मानव बस्तियों में भटक जाते हैं, जो संघर्ष का एक प्रमुख कारण बनता है।

- **वन्यजीवों की आबादी में वृद्धि :** संरक्षण के प्रयासों के परिणामस्वरूप, कुछ प्रजातियों, जैसे कि बाघ और हाथी, की आबादी में वृद्धि हुई है। जबकि यह एक सकारात्मक विकास है, यह सीमित और खंडित आवासों में संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ाता है, जिससे संघर्ष की घटनाएं बढ़ती हैं।
- **भूमि उपयोग पैटर्न में बदलाव :** फसल पैटर्न में बदलाव भी वन्यजीवों को आकर्षित कर सकता है। उदाहरण के लिए, गन्ने जैसी फसलें हाथियों और अन्य शाकाहारी जानवरों के लिए आकर्षक हो सकती हैं, जिससे फसलों को भारी नुकसान होता है।
- **मानवीय हस्तक्षेप :** वनों में अवैध शिकार, लकड़ी की कटाई और अन्य मानव निर्मित दबाव वन्यजीवों के व्यवहार को प्रभावित करते हैं और उन्हें अधिक आक्रामक बना सकते हैं।
- **जलवायु परिवर्तन :** जलवायु परिवर्तन भी पारिस्थितिक तंत्र को बदल रहा है और वन्यजीवों के व्यवहार, वितरण और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इससे जानवरों की गतिविधियों में परिवर्तन हो सकता है, जिससे मानव के साथ उनके संपर्क की संभावना बढ़ जाती है।

संघर्ष के विविध रूप और उनके परिणाम :–

मानव–वन्यजीव संघर्ष के कई रूप हैं, जो स्थान और इसमें शामिल प्रजातियों के आधार पर भिन्न होते हैं।

- **फसल और संपत्ति का नुकसान :** हाथी, जंगली सूअर, नीलगाय और बंदर जैसे शाकाहारी जानवर अक्सर खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर देते हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है। हाथी घरों और अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- **पशुधन पर हमले :** बाघ, तेंदुए और भेड़िये जैसे मांसाहारी जानवर अक्सर मवेशियों, बकरियों और अन्य पालतू जानवरों का शिकार करते हैं, जिससे पशुपालकों की आजीविका प्रभावित होती है।
- **मानव जीवन को खतरा :** सबसे गंभीर परिणाम मानव जीवन की हानि है। हाथी, बाघ, तेंदुए और भालू जैसे बड़े जानवरों के हमलों में लोग घायल हो जाते हैं और कभी–कभी उनकी मृत्यु भी हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2018–19 और 2020–21 के बीच, हाथियों के हमलों में 1,500 से अधिक लोगों की जान गई। इसी अवधि में, बाघों के हमलों में सौ से अधिक लोगों की मौत हुई।
- **वन्यजीवों पर प्रतिशोध :** संघर्ष की घटनाओं के जवाब में, लोग अक्सर प्रतिशोध यानि बदले की भावना में वन्यजीवों को मार देते हैं। यह अवैध शिकार या जहर देने के रूप में हो सकता है, जो पहले से ही संकटग्रस्त प्रजातियों की आबादी को और कम कर देता है।
- **मनोवैज्ञानिक प्रभाव :** वन्यजीवों के साथ लगातार संघर्ष और मुठभेड़ों से प्रभावित समुदायों में भय, चिंता और तनाव का माहौल बन जाता है।
- **संरक्षण प्रयासों में बाधा :** मानव–वन्यजीव संघर्ष संरक्षण के प्रति स्थानीय समुदायों के समर्थन को कम कर सकता है, जिससे संरक्षण के प्रयास जटिल हो जाते हैं।

भारत में मानव–वन्यजीव संघर्ष : एक गंभीर चुनौती :–

भारत, अपनी विशाल जैव विविधता और घनी मानव आबादी के साथ, मानव–वन्यजीव संघर्ष के लिए एक

हॉटस्पॉट है। यहां हाथियों, बाघों, तेंदुओं, भालुओं, साँप और अन्य जानवरों के साथ संघर्ष की घटनाएं आम हैं।

- **मानव–हाथी संघर्ष :** यह भारत में संघर्ष का सबसे व्यापक और गंभीर रूप है। हाथी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने और मानव मृत्यु के लिए जाने जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि कर्नाटक, असम, केरल, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हाथियों के हमलों से सैकड़ों लोगों की मौत हुई है।
- **मानव–बाघ संघर्ष :** बाघों की आबादी बढ़ने के साथ, विशेष रूप से संरक्षित क्षेत्रों के बाहर, मानव–बाघ संघर्ष भी बढ़ा है। सुंदरबन, मध्य भारत और पश्चिमी घाट के कुछ हिस्सों में यह एक बड़ी चिंता का विषय है।
- **मानव–तेंदुआ संघर्ष :** तेंदुए अक्सर मानव बस्तियों के पास पाए जाते हैं, जिससे पालतू जानवरों और कभी–कभी मनुष्यों पर भी हमले होते हैं।

संघर्ष से सह–अस्तित्व की ओर : समाधान और रणनीतियाँ :–

मानव–वन्यजीव संघर्ष को पूरी तरह से समाप्त करना संभव नहीं हो सकता है, लेकिन इसे प्रबंधित करने और कम करने के लिए एक बहुआयामी और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। लक्ष्य संघर्ष को कम करके सह–अस्तित्व की स्थिति को बढ़ावा देना होना चाहिए।

- **आवास संरक्षण और बहाली :** वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा करना और उन्हें बहाल करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इसमें वनों की कटाई को रोकना, वनीकरण को बढ़ावा देना और खंडित आवासों को फिर से जोड़ना शामिल है।
- **वन्यजीव गलियारों का निर्माण और सुरक्षा :** जानवरों के सुरक्षित आवागमन के लिए वन्यजीव गलियारों की पहचान, निर्माण और सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इससे जानवर मानव बस्तियों में प्रवेश किए बिना एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जा सकेंगे।
- **प्रभावी मुआवजा योजनाएं :** सरकार द्वारा फसल और पशुधन के नुकसान के लिए त्वरित और पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने से प्रभावित लोगों को राहत मिलती है और प्रतिशोध में जानवरों को मारने की घटनाओं को कम करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के तहत फसल क्षति के लिए मुआवजे का प्रावधान एक सकारात्मक कदम है।
- **प्रौद्योगिकी का उपयोग :** आधुनिक तकनीक संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पूर्व चेतावनी प्रणाली, सैटेलाइट कॉलरिंग, ड्रोन निगरानी और कैमरे के जाल का उपयोग करके जानवरों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है और स्थानीय समुदायों को समय पर सचेत किया जा सकता है।
- **सामुदायिक भागीदारी :** संघर्ष के प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। संरक्षण प्रयासों में उन्हें शामिल करने, जागरूकता अभियान चलाने और उनकी पारंपरिक जानकारी का उपयोग करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। छत्तीसगढ़ में 'हाथी मित्र' जैसी पहल सामुदायिक भागीदारी का एक सफल उदाहरण है, जो मानव–हाथी संघर्ष को कम करने में मदद कर रही है।
- **बाधाएं और निवारक उपाय :** खेतों के चारों ओर बाड़ लगाना, विशेष रूप से सौर ऊर्जा से चलने वाली बाड़, और मधुमक्खी के छत्ते जैसी बाड़ लगाना (क्योंकि हाथी मधुमक्खियों से डरते हैं) जैसे उपाय जानवरों को फसलों से दूर रखने में प्रभावी हो सकते हैं।

- **भूमि–उपयोग की योजना :** प्रभावी भूमि–उपयोग की योजना बनाकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि विकास परियोजनाएं वन्यजीवों के आवासों और गलियारों को न्यूनतम रूप से प्रभावित करें।
- **सरकारी नीतियां और कानून :** वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जैसे कानूनों का सख्ती से कार्यान्वयन और मानव–वन्यजीव संघर्ष को संबोधित करने के लिए विशिष्ट नीतियों का निर्माण आवश्यक है। सरकार ने मानव–वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के माध्यम से सलाह जारी की है, जिसमें ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने जैसे उपाय शामिल हैं।

निष्कर्ष :–

मानव–वन्यजीव संघर्ष एक जटिल और बढ़ती हुई चुनौती है जिसके गहरे सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक परिणाम हैं। यह केवल वन्यजीवों की समस्या नहीं है, बल्कि मानव विकास और पर्यावरण के बीच बिगड़ते संतुलन का प्रतिबिंब है। इस संघर्ष का समाधान केवल जानवरों को दोष देने या उन्हें खत्म करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसे दृष्टिकोण को अपनाने में है जो मानव और वन्यजीव दोनों की जरूरतों को संतुलित करता हो।

सह–अस्तित्व की राह कठिन हो सकती है, लेकिन यह असंभव नहीं है। आवास संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी, वैज्ञानिक प्रबंधन और सहानुभूतिपूर्ण नीतियों के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जहां मनुष्य और वन्यजीव शांतिपूर्वक सह–अस्तित्व में रह सकें। यह न केवल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि हमारे अपने अस्तित्व और इस ग्रह के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि पृथ्वी पर जीवन का ताना–बाना इन सभी प्रजातियों के एक साथ रहने से ही बना है और किसी एक धागे के टूटने से पूरी संरचना कमजोर हो सकती है।

संदर्भ :–

1. MAN & ANIMAL CONFLICTS IN INDIA by C. SEKHAR, K. BARANIDHARAN
2. Resolving Human&Wildlife Conflicts by Michael R- Conover
3. Human–Wildlife Interactions ¼Turning Conflict into CoeÛistence½ Edited by F- Beatrice
4. https%//wildlifedrones-net/preventing&human&wildlife&conflict/
5. https%//visionias.in/current&affairs/2024/environment/human&animal&conflict
6. https%//thefurbearers-com/our&work/living&with&wildlife/what&is&co&eÛistence/
7. https%//www-hwctf-org/about
8. https%//en-wikipedia-org/wiki/Human%E2%80%93wildlife_conflict
9. https%//www-drishtiias-com/hindi/daily&news&analysis/human&wildlife&conflict&2

Email : neeraj.karagwal@gmail.com

M. 9460132100